You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-25 ❒ शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




श्रीमती रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। नरेन्द्र मोदी


किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रामाणिक स्तंभ है भाषा : धनखड़ 11

सरकार ने पूर्वोत्तर के लिए हर क्षेत्र में अनेक संभावनाएं खोलने का काम किया: शाह 11


## बजट : खास बातें

- ❒ लखनऊ में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स सिटी के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये
- ❒ लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क के लिए 300 करोड़ रुपये
- ❒ साइबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजी ट्रान्सलेशन रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए 3 करोड़ रुपये रुपये
- ❒ एकीकृत एक्वा पार्क मार्केट के निर्माण के लिये 190 करोड़ रुपये
- ❒ सभी प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट स्कूल बनाने के लिए 300 करोड़ रुपये
- ❒ उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ के निर्माण कार्य हेतु 25 करोड़ रुपये
- ❒ राजकीय संस्कृत पाठशालाओं के निर्माण के लिये 13 करोड़ रुपये
- ❒ राजकीय पॉलीटेक्निकों में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स को 100 करोड़ रुपये
- ❒ प्रदेश में आर्टिफिशियल इन्टेली' शिक्षा के लिये सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स को 1 करोड़ रुपये की व्यवस्था।
- ❒ प्रदेश में विज्ञान पार्कों, साईंस सिटी तथा नक्षत्रशालाओं की स्थापना के लिये 50 करोड़ रुपये
- ❒ आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान हेतु 971 करोड़ रुपये की व्यवस्था
- ❒ जनपदों में न्यायालयों की स्थापना हेतु 120 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित ।
- ❒ प्रदेश में 08 मण्डलीय लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालयों/छात्रावासों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित ।
- ❒ बस स्टेशनों, डिपो कार्यशाला आदि का निर्माण तथा बस बेड़ों में वृद्धि के लिये 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था।
- ❒ मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना हेतु मध्यम श्रेणी की इलेक्ट्रिक बसों के क्रय के लिये 100 करोड़ रुपये तथा चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये
- ❒ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हजार करोड़ रुपये का और इंतजाम कर दिया गया है।◦
- ❒ पालतू, संरक्षित एवं छुट्टा गो-वंश की पहचान के लिये टैगिंग कराये जाने की योजना
- ❒ साईबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजी ट्रान्सलेशन रिसर्च पार्क की स्थापना।
- ❒ रोजगार को बढ़ावा देने को 3000 सूर्यमित्रों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा
- ❒ मुख्यमंत्री ग्राम योजनान्तर्गत ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण पुनर्निर्माण / मिसिंग लिंक के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की नई योजना
- ❒ शिक्षा क्षेत्र को 1,06,360 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव से मिलेगी रफ्तार

# विकास के एक्सप्रेसवे पर बढ़ता यूपी

## गरीब, युवा, किसान, महिला उत्थान को समर्पित बजट बजट में सबसे ज्यादा रकम इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। योगी सरकार ने अपने 9वें बजट में युवाओं, महिलाओं व इंफ्रास्ट्रक्चर खासतौर पर एक्सप्रेसवे के लिए खजाना खोल दिया है। यूपी की सामर्थ्य में सरकार ने आर्थिक संबल देते हुए बजट में राज्य को ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने का मुकम्मल इंतजाम किया है ताकि यूपी विकास के एक्सप्रेसवे पर दौड़ सके। बजट की थीम वंचितों को वरीयता है और यह गरीबों, महिलाओं, किसानों व युवाओं के उत्थान को समर्पित है। वहीं इसके जरिये सरकार की नज़र 2027 में विधानसभा के लिए होने वाले सियासी रण के मद्देनज़र सभी वर्गों को साधने पर भी है।

नारी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी देने का ऐलान हो या फिर उपेक्षित लाखों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के आर्थिक हितों को सुरक्षित रखने की बात हो। इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार व सामजिक सुरक्षा का सवाल हो। इसमें सबके लिए कुछ न कुछ है। यही नहीं गरीबी उन्मूलन के नए अभियान जीरो पावर्टी के तहत भी सरकार ने खजाना दिया है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर 22 फीसदी खर्च होगा**

उत्तर प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने इन्हीं सब सौगातों व नई उम्मीदों को समेटे गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। इसका आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ रुपये है। यह वर्ष



2024-2025 के बजट के मुकाबले 9.8 प्रतिशत अधिक है। वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था को इससे बल मिलेगा। बजट में 28478 करोड़ की नई योजनाएं हैं। कुशल वित्तीय प्रबंधन व निवेश के चलते वर्ष 2024-2025 में प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद 27.51 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। इस बजट का सबसे बड़ा 22 प्रतिशत हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होगा जबकि शिक्षा पर 13 प्रतिशत खर्च होगा। खेती किसानी पर 11 प्रतिशत व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों पर 4 प्रतिशत खर्च होगा।

योगी सरकार पहली बार मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी देगी। इसके लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कालेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने को 400 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है। यूपी सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ से हरिद्वार तक नया एक्सप्रेसवे बनाने का निर्णय लिया है। इसके बजटीय प्रावधान भी हो गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, चन्दौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे बनेगा। इसके अलावा बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी होगा। इन सब पर कुल 1050 करोड़ रुपये रखे गए हैं। गंगा एक्सप्रेसवे को पूरा कराने के लिए सरकार ने एकमुश्त 900 करोड़ रुपये का इंतजाम कर दिया है। यही नहीं बजट में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस ● शेष पेज 11 पर

### उपलब्धि

- ❒ आकार बजट का 8,08,736.06 करोड़ रुपये
- ❒ नई योजनाएं बजट में 28478 करोड़ की
- ❒ पिछले बजट के मुकाबले बजट में बढ़ोतरी 9.8 प्रतिशत से अधिक
- ❒ मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने के लिए चार अरब रुपये का इंतजाम
- ❒ चार नए एक्सप्रेसवे के लिए 1050 करोड़ रुपये का इंतजाम
- ❒ वृद्धजनों की सामाजिक सुरक्षा के लिए खुला खजाना, पेंशन के लिए 8105 करोड़ रुपये का इंतजाम
- ❒ बजट में पिछड़े वर्गों के 2825 करोड़

## 50 हजार करोड़ से सुधरेगी यूपी वालों की सेहत

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- ❒ पिछले साल की तुलना में स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए करीब 16 फीसदी अधिक बजट स्वास्थ्य के
- ❒ क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के संकेत के साथ तकनीक को बढ़ावा देने का संदेश
- ❒ बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को सरकार ने किया उत्तम प्रदेश बनाने का दावा
- ❒ वर्तमान में एमबीबीएस की 11,800 सीटें तथा पीजी की 3971 सीटों का लाभ उठा रहे मेडिकल छात्र

लखनऊ। यूपी वालों की सेहत सुधारने पर सरकार की फोकस है। प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 हजार 550 करोड़ 41 लाख का बजट प्रस्ताव किया है। इसमें करीब ढाई सौ करोड़ रुपये नए मदों में शामिल योजनाओं के लिए होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्क्ट्रचर में बदलाव की प्रक्रिया को और गति देने की प्रतिबद्धता बजट में दर्शायी गई है। निकट भविष्य में जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के संकेत के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन में स्वास्थ्य क्षेत्र में यूपी के बढ़ते कदमों की तस्वीर पेश की। लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल 43406 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया था। उसकी तुलना में इस बार स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में तकरीबन 16 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। जहां तक नये मदों का सवाल है तो चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में निजी सेक्टर को आकर्षित करने के लिए इंसेंटिव का प्रावधान किया गया है। वहीं बलरामपुर और बलिया में नये मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। बलरामपुर के लिए 25 करोड़ रुपये देने के साथ ही बलिया मेडिकल कॉलेज के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। हेल्थ फ़ेसिलिटी को पीपीपी मोड पर चलाने के ● शेष पेज 11 पर

## चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया का धमाकेदार आगाज

### बांग्लादेश को छह विकेट से हराया



**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंडिया वर्सेस बांग्लादेश आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच को टीम इंडिया ने 6 विकेट से बांग्लादेश को हराया और इस आईसीसी इवेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी थी और भारत को 229 रनों का लक्ष्य दिया। इसे भारत ने शुभमन गिल के शतक के दम पर 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने भी तूफानी पारी खेली थी। मोहम्मद शमी ने पांच विकेट निकाले थे। टूर्नामेंट में अगला मैच भारत का अब 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ इसी मैदान पर है। इतना ही नहीं, इस जीत के साथ टीम इंडिया फिलहाल के लिए ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई है। पाकिस्तान की टीम सबसे आखिरी पायदान पर है।

## जौनपुर में सड़क हादसों में नौ मरे, 32 घायल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 32 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है । मृतकों मं कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) की पहचान की जा चुकी है। सभी हताहत झारखंड के निवासी हैं। इस हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद भोर तीन बजे एक ट्रक ट्रेलर ने वाराणसी से अयोध्या जा रही बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार लगभग 50 यात्रियों में से ड्राइवर मोनू सिंह निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली के अलावा दो महिलाओं की सीएससी बदलापुर ● शेष पेज 11 पर

## गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित बजट : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है जिसमें वंचित को वरीयता का केंद्रीय भाव है।

विधानभवन में बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। अब जीरो पॉवर्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ कार्य हो रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

सरकार का यह भी प्रयास है कि इन परिवारों को ऐसी आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा जाए। योगी ने कहा कि बजट का आकार आठ लाख आठ हजार 736 करोड़ रुपये से अधिक का निर्धारित किया गया है जो वर्ष 2024-25 के बजट के सापेक्ष 9.8 प्रतिशत अधिक है। शिक्षा क्षेत्र के लिये एक लाख छह हजार 360 करोड़ रुपये से अधिक प्रस्तावित है जो कुल बजट का 13 प्रतिशत है। शिक्षा पर इतना व्यय करने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि, उद्यान, पशुधन, दुग्ध, मत्स्य, सहकारिता, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति के लिये कुल लगभग 89 हजार 353 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। चिकित्सा क्षेत्र के अन्तर्गत चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, आयुष तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये 50 हजार 550 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। उन्होने कहा कि कुल व्यय में दो लाख 25 हजार 561 करोड़ 49 लाख रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर सम्मिलित है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश की जीडीपी 12.89 लाख करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्रदेश का राजकोषीय घाटा, सकल राज्य घरेलू ● शेष पेज 11 पर

### उच्च न्यायालय न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला

## लोकपाल के आदेश पर उच्चतम न्यायालय की रोक, कानून बनेगा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आता है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, सूर्य कांत और अभय एस ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को 'बहुत ही परेशान करने वाला' बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और कहा कि वह



होली की छुट्टी के बाद इस पर विचार करेगी। एक उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के लिए लोकपाल की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन मांगने पर शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान मामला दर्ज कर सुनवाई की। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी 2025 के आपने आदेश में कहा था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस संबंध में कानून बनाया जाने के पक्ष में दलील दी और कहा कि आदेश (लोकपाल के) पर रोक लगाना आवश्यक है। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय लोकपाल अधिनियम, 2013 के दायरे में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि उच्च न्यायालयों का गठन पहले के अधिनियम द्वारा किए जाने से न्यायाधीशों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस मामले में एक ही शिकायतकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के एक वर्तमान अतिरिक्त न्यायाधीश (नाम संशोधित) के खिलाफ दो शिकायतें दायर की गई थीं जिनमें आरोप लगाया गया था कि ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रवेश वर्मा सहित छह मंत्रियों ने ली शपथ

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आयीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्रीमती गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं।

श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश



साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांये मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे। बीच के मंच पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाने की व्यवस्था की गयी थी और इस मंच पर प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मोदी मंत्रिमंडल में शामिल अन्य मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित थे। मंच पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और अजीत पवार, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्वोत्तर के नेतागण दिल्ली के सभी सांसद, महापौर तथा केन्द्रीय मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह ऊर्फ लल्लन सिंह उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्र गान से हुयी। इसके बाद दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को पढ़ा, जिसमें श्रीमती रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री और ● शेष पेज 11 पर

# हॉस्टल के बाथरूम में 5वीं के छात्र का फंदे से लटकता मिला शव, मुक़दमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मलिहाबाद के सफ़ा पब्लिक स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रहा था अल्तमश

❒ परिजनों ने स्कूल प्रबन्धन पर लगाए मानसिक प्रताड़ना सहित अन्य गंभीर आरोप

मलिहाबाद/लखनऊ। सफ़ा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र अल्तमश का शव बाथरूम में फंदे से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाकर मुक़द्दमा दर्ज कराया है। बस्ती ज़िले के पैकुलिया गांव निवासी अल्तमश ख़ान 14 वर्ष पुत्र स्वः अब्दुल वदूद क़रीब तीन साल से मलिहाबाद मोहान मार्ग स्थित सफा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। परिजनों ने बताया कि आरटीई (शिक्षा के अधिकार अधिनियम) के तहत अल्तमश का दाखिला सफा पब्लिक स्कूल में हुआ था। वह सहपाठियों के साथ हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। परिजनों का आरोप है कि निःशुल्क शिक्षा देने के कारण स्कूल प्रबन्धन अल्तमश के साथ भेदभाव करता था और स्कूल के प्रिंसिपल और व्यवस्थापक अब्दुल हफ़ीज़ हॉस्टल में रहने वालों बच्चों को मानसिक रुप से प्रताड़ित करते है। प्रताड़ना से तंग आकर अल्तमश ने हॉस्टल के बाथरूम में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। स्कूल के कर्मचारी ने सुबह छात्र को फंदे से लटकता देख फौरन स्कूल प्रशासन को सूचना देते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर जानकारी दी। जिसके बाद शिक्षकों और मृत्तक छात्र के सहपाठियों की भीड़ वहां एकत्र होने लगी। कुछ ही देर में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गयी। परिजनों के पहुँचते ही पुलिस ने फोरेंसिक



टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य कत्रित कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस नें छात्र के सहपाठियों से पूछताछ कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। अभी तक छात्र के आत्मघाती कदम उठाए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अवसाद के चलते छात्र ने आत्महत्या की है। छात्र के पास से किसी भी तरह का सुसाइट नोट नहीं मिला है। छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर लिया गया है फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी फिलहाल छात्र के सहपाठियों स्कूल प्रशासन,वार्डन और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### सिगरेट पीने पर शिक्षक ने लगाई थी फटकार

स्कूल प्रशासन से घटना को लेकर जानकारी करने पर पता चला कि तीन दिन पूर्व अल्तमश कुछ दोस्तों के साथ दीवार कूदकर सिगरेट पीने गया था।सहपाठियों के माध्यम से स्कूल प्रशासन को यह बात पता चली तब शिक्षक ने दोबारा ऐसी गलती न करने की हिदायत देते हुए उसके परिजनों को सूचना दी थी। जिसके बाद अल्तमस गुमशुम रहने लगा था।वह अपने सहपाठियों से बोलता था कि घर से उसके भईया आएंगे तो उसके मारते हुए अपने साथ ले जाएंगे।आशंका जताई जा रही है कि परिजनों को सिगरेट पीने की बात पता चलने पर अल्तमस ने हास्टल के बाथरूम में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है।

# एलडीए में हुआ जनता अदालत का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को एलडीए में जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान नामांतरण, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं शेष मामलों में प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव द्वारा समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में जनता अदालत का आयोजन किया गया था। जनता अदालत में पहुंचे गोमती नगर के विशाल खण्ड निवासी आरपी वार्ष्णेय ने बताया कि भूखण्ड संख्या-1/690 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से झुग्गी बनाकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इससे अराजकता की स्थिति बनी रहती है और अब इन लोगों ने फुटपाथ और सड़क पर भी अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सचिव ने सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर स्थल



निरीक्षण करके नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा मोहम्मद कयामुद्दीन ने बीकेटी के ग्राम-रजौली में भूमि खसरा संख्या-657 व 658 पर अवैध रूप से प्लाटिंग किये जाने की शिकायत की उन्होंने बताया कि यह कृषि भूमि है और प्राधिकरण से ले-आउट भी स्वीकृत नहीं कराया गया है। इस पर प्रवर्तन के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करके अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। खदरा के शिव नगर निवासी अजीत सिंह ने टावर वाली गली में अवैध निर्माण की शिकायत की है। इस मौके पर संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, विशेष कार्याधिकारी शशिभूषण पाठक, वंदना पाण्डेय, रंजना अवस्थी, देवांश त्रिवेदी एवं रवि नंदन सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में गूंजा देशभक्ति का जयघोषः पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर प्रयागराज। पावन अवसर पर प्रयागराज के सेक्टर 7 में समाज कल्याण विभाग के पांडाल के ऑडिटोरियम में गुरुवार को पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सेना के प्रति आम जनता में जागरूकता, सम्मान और समर्पण की भावना विकसित करना है और पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके पुनर्वास को लेकर जागरूकता फैलाना भी है। समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण ने अपने बयान में कहा, कुंभ सिर्फ आस्था का ही नहीं बल्कि विचारों के आदान प्रदान का भी संगम है।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 वीर सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया गया, जो अपने परिजनों की शहादत के बावजूद राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। इसके अलावा, 11 पूर्व सैनिकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में सेना देश की रक्षा करती है। समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुंभ में निराश्रित वृद्धजनों के लिए 100 बेड का एक अस्थाई वृद्धाश्रम भी बनाया गया है, जहां प्रदेश भर से बुजुर्गों को लाकर संगम स्नान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों को सुनने की मशीन, छड़ी, कमर के लिए बेल्ट आदि उपकरण भी प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के कल्याण, उनके पुनर्वास और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन में कर्नल एके मिश्रा, रजत बंबानी, अमित सिंह और अनिल भार्गव प्रमुख रहे। इसके अलावा, वारंट ऑफिसर श्रीराम शिवहरे, टीपी वर्मा, पीबी सिंह, प्रमोद शुक्ला, डीबी सिंह, सूबेदार संजीव चौरसिया और मदन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# इंडस्ट्री अकादमिक मीट और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के बायोइंजीनियरिंग विभाग, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, और इंटीग्रल स्टार्टअप फाउंडेशन ने एएफएसटीआई लखनऊ चैप्टर और इंडियन नेशनल यंग एकेडमी ऑफ साइंसेज, नई दिल्ली के सहयोग से पहला इंडस्ट्री-अकादमिक मीट और अंतराष्ट्रीय सम्मेलन ञ्ट्रेंड्स एंड इनोवेशंस इन साइंस एंड इंजीनियरिंगः ब्रिजिंग द इंडस्ट्री-अकादमिक इंटरफ़ेसङ्क का भव्य उद्घाटन किया। तीन दिवसीय सम्मेलन 20 से 22 फरवरी तक चलेगा। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रोफ़ेसर सैयद वसीम अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समाज में अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े नैतिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों से केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और ईमानदारी के साथ अपने क्षेत्र में नेतृत्व करने का आह्वान किया। इस आयोजन में ञ्विकसित भारत



अ2047 के लिए कुशल कार्यबल का निर्माणङ्क विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा हुई। इसमें उर्जा, चिकित्सा और पर्यावरण के क्षेत्र में नवीन खोजों को बढ़ावा देने और वैश्विक सहयोग के माध्यम से इंडस्ट्री की चुनौतियों का समाधान निकालने पर विचार किया गया। प्रो-चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुसंधान के लिए अनुदान और सहायता से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में अधिक समर्थन की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते रुझानों पर चर्चा की और बताया कि नवाचार भविष्य के कार्यबल को तैयार करने और प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर अलवीना फारूकी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि रजिस्ट्रार प्रोफ़ेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विश्वविद्यालय के योगदान को रेखांकित किया। इस आयोजन में टाइस कोन एक्सपो 2025 का भी उद्घाटन किया गया। इस एक्सपो की थीम अंतर-अनुशासनिक और अंतरराष्ट्रीय नवाचारः कुशल कार्यबल और स्थायी भविष्य के लिए वैश्विक दृष्टिकोण रखी गई है।

## अवैध निर्माण सीलिंग के साथ अवैध प्लाटिंग पर एलडीए का शिकंजा

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गोमती नगर विस्तार में 6 मोटर गैराज, कार वाशिंग सेंटर समेत गोमती नगर, चिनहट व गोसाईंगंज में 13 अवैध निर्माण सील किये हैं। वहीं दुबग्गा में भी एक अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की गयी है। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के अनुसार गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 1 व 4 में 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्डों में संचालित ऐसे 6 अवैध मोटर गैराज, कार वाशिंग सेंटर को चिन्हित किया गया था जिसे गुरूवार को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। इसके अलावा विनीत कुमार द्वारा गोमती नगर के विशाल खण्ड में 200 वर्गमीटर, विनीत खण्ड में 650 वर्गमीटर तथा विनीत खण्ड में 540 वर्गमीटर प्लॉट पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिन्हें विहित न्यायालय के आदेशों के पर सील कर दिया ।

### ठगों ने आबकारी विभाग की बना ली फर्जी वेबसाइट

**प्रयागराज।** आबकारी विभाग की ओर से ई लॉटरी शुरू होते ही साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। अब ठगों ने आबकारी की फर्जी वेबसाइट बना ली है। जो अधिकृत वेबसाइट से काफी मिलती जुलती है। जिससे नया लाइसेंस लेने के इच्छुक लोग भी भ्रम में आ रहे हैं। अफसरों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने वेबसाइट को ब्लॉक कराने के लिए प्रयास किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिकृत वेबसाइट की सूचना जारी कर दी है। दरअसल आबकारी विभाग की ई लॉटरी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक दुकान के लिए आवेदन का शुल्क 25, 40, 90 हजार रुपया रखा गया है। यह राशि वापस नहीं होगी। इस राशि को 27 फरवरी तक जमा करना है। ठगों ने upexciselotteryupsdcgoco.in के नाम से फर्जी वेबसाइट बना ली है। इस पर कुछ लोगों ने राशि जमा भी की। जब आगे की प्रक्रिया की जानकारी नहीं हुई तो आबकारी कार्यालय में संपर्क किया। जिसके बाद अफसरों को इसकी भनक हुई। आबकारी मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया के एकमात्र अधिकृत वेबसाइट exciseelotteryup.upsdc.gov.in इन है। विभाग ने इसकी सूचना अपने एक्स पर शेयर कर आम लोगों को जागरूक करने का काम किया है। साथ ही सभी से अपील की गई है कि इसी वेबसाइट को एक्सेस करें। जिससे धोखाधड़ी से बचा जा सके। अफसरों का कहना है कि कितनों से ठगी हुई इसकी जानकारी नहीं है, फिलहाल इस पर लखनऊ में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### विजय उत्सव कार्यक्रम नगर पंचायत कोरांव में हुआ सम्पन्न

**कोरांव प्रयागराज।** नगर पंचायत कार्यालय कोरांव मे नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी की अध्यक्षता मे पुर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा करीबी माननीय सांसद राजेश चुडास्मा (चोरवाड़ गुजरात) के चोरवाड़ नगर पालिका चुनाव मे 40 वर्ष बाद कमल खिलने पर गुरुवार कों विजय उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।




जिसमे मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृष्ण केशरी , सुमित पाण्डेय, मंगला केशरी, राजकु्मार कुशवाहा, नरेश वर्मा, सुर्यमणी कुशवाहा, सुशील केशरी, मुरारी मिश्रा, नागेंद्र मोर्या व अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### संगीत कमल संस्थान में हुआ बसंतोत्सव का आयोजन

**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित संगीत कमल संस्थान में बसंतोत्सव का संगीतमय आयोजन किया गया। संस्थान में सुयोग्य गुरुओं से गायन, वादन एवं नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक बालिकाओं ने अपनी प्रतिभाओं के प्रदर्शन से अतिथियों को प्रभावित किया। इसी के साथ संस्थान की सदस्या अनुपमा शरद ने बसंत ऋतु पर आधारित कविताओं द्वारा सबका ध्यान आकर्षित किया।



संगीत कमल संस्थान के अध्यक्ष पंडित राहुल अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष के बसंतोत्सव आयोजन में लखनऊ आकाशवाणी में वर्षों तक संगीत सेवा देने वाले संगीतज्ञ कैलाश श्रीवास्तव इस संगीत आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कैलाश श्रीवास्तव के स्वरचित भजन, ग़ज़ल तथा सुमधुर गीतों के साथ हर्षित मिश्रा तथा ताजदार आलम की सुंदर तबला संगत ने सभी का मन मोह लिया।

### कांग्रेस नेता की टिप्पणी से आहत अधिवक्ताओं ने पुलिस से मुक़दमा दर्ज करने की मांग की



मलिहाबाद/लखनऊ। बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर कांग्रेस के नेता उदित राज द्वारा अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अधिवक्ताओं ने मलिहाबाद पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की हैं। बृहस्पतिवार को संवैधानिक तरीके से विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के अन्तर्गत मलिहाबाद कोतवाली में कांग्रेस नेता उदित राज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं नें पुलिस को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

# महाकुम्भ में श्रद्धांलुओं की सेवा में जुटीं डॉ सोनी कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर कोरांव की प्रख्यात महिला सर्जन डॉक्टर सोनी कुमारी ने श्रद्धालुओं की सेवा करने का निर्णय लिया है। नैनी सड़वा मोड़ के आगे बाहर की गाड़ियों का जाना अक्सर बंद रहता है, जिससे श्रद्धालुओं को घाट तक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है।

डॉक्टर सोनी कुशवाहा ने इन श्रद्धालुओं का कष्ट देखकर उनकी सेवा करने का निर्णय लिया है। उनके अस्पताल के सामने ही श्रद्धालु गाड़ी से उतरते हैं और वहां से घाट तक की पैदल यात्रा करते हैं। डॉक्टर सोनी कुशवाहा द्वारा लगातार मरीजों का निःशुल्क परामर्श एवं दवाई का वितरण किया जा रहा है। साथ ही, भूखे लोगों को खिचड़ी, हलवा, बिस्किट पानी आदि का वितरण किया जा रहा है। डॉक्टर सोनी




कुशवाहा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करने में उन्हें आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा, ''यदि व्यक्ति नर के रूप में नारायण को पहचानने लगे तो सारी दुनिया के दुख क्लेश खत्म हो जाएंगे, लड़ाई झगड़े स्वतः ही बंद हो जाएंगे।'' डॉक्टर सोनी कुशवाहा ने हाल ही में गरीब असहाय लोगों का जगह-जगह कैंप लगाकर इलाज किया साथ ही शर्दी कड़ाके की ठंड मे जरूरतमंद लोगो कों लगभग 1000 कंबल का वितरण भी किया गया था। डॉ सोनी कुमारी यमुनापार की बेहद प्रतिष्ठित महिला चिकित्सक हैं। हजारों लोग उनके इलाज से लाभान्वित हो चुके हैं एवं सैकड़ो निःसंतान महिलाओं को उनके इलाज से संतान की प्राप्ति हुई है। इस सेवा कार्य के लिए डॉक्टर सोनी कुशवाहा को श्रद्धालुओं की ओर से धन्यवाद और आशीर्वाद मिल रहा है। उनकी इस सेवा कार्य की जिले भर में प्रशंसा हो रही है।


# विद्युत विभाग ने जमा कराया दस माह सें 345659 रूपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ लेकिन आज तक नहीं हुआ विद्यालय में विद्युतीकरण

❒ पीजी पोर्टल ट्विटर पर हुई शिकायत फिर भी नहीं हुआ समाधान

कोरांव प्रयागराज विकास खंड कोरांव के ग्राम पंचायत खींवली कला के प्राथमिक विद्यालय भगतपुर मे लाइट की सप्लाई नही है नव निहाल बच्चे हर ऋतू मे बिना लाइट पंखा के पठन पाठन करने कों लाचार है इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा अप्रैल 2024 मे ही 345659 रूपये धनराशि जमा दी गई है पी आर नंबर 7000652657 भी जनरेट हो चूका है इसके बावजूद ठीकेदार द्वारा विद्युत का काम नही कराया गया इस संदर्भ मे विद्युत विभाग के आफिसियल ट्विटर हैंडल व भारत सरकार द्वारा संचालित पीजी पोर्टल पर शिकायत किया गया शिकायत कों विद्युत विभाग ने संज्ञान लेकर शिकायत नंबर भी जारी किया लेकीन निस्तारण आज तक नही किया गया समस्या ज्यो का त्यों बना हुआ साथ ही इए विद्युत जमुनापार एक्सीयन विद्युत मेजारोड़ उपखण्ड अधिकारी कोरांव सें कई बार वार्ता किया गया लेकीन परिणाम शून्य रहा



यह हाल इस योगी सरकार मे है सरकार एक तरफ नव निहाल बच्चो कों पठन पाठन गुणवक्ता कों लेकर लाखो खर्च रही है लेकीन इसके बावजूद विद्युत विभाग के आलाधिकारी संबधित जिम्मेदार ठीकेदार के कान मे जु नही रेग रहा।

# महीनों से प्रयागराज जाम से कराह रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 24 फरवरी से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू , केंद्रों तक कैसे पहुचेंगे परीक्षक और परीक्षार्थी

❒ बोर्ड परीक्षा शुरू होने में बाकी हैं तीन दिन

❒ परीक्षा केन्दों पर पहुँचनी लगी बोर्ड की कॉपियां

❒ बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन महाकुंभ के बाद कराने पर दिया जा रहा जोर

प्रयागराज। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में होने वाले महाकुंभ में इस बार देश ही नहीं, दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भीड़ संगम नगरी में उमड़ रही है। 26 फरवरी को महाकुम्भ का अंतिम स्नान पर्व है, ऐशे में देश विदेश से करोड़ो श्रद्धालुओं का संगम में स्नान होगा। स्नान के ठीक दो दिन पूर्व बोर्ड परीक्षा भी प्रारम्भ हो रही है। ऐसे में महाकुम्भ के बीच में बोर्ड परीक्षा को आयोजित कराने को लेकर बोर्ड अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों में ऊपापोह की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2025 तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 12 दिन में पूरी हो जाएगी।पहली पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली में दो से 5:15 बजे तक परीक्षा होगी। 24 फरवरी को पहली पाली में हाई स्कूल की हिंदी व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा होगी।

ऐसे में प्रयागराज में महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें महाशिवरात्रि के दिन आखिरी स्नान होगा। इस दौरान संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, और ऐसे में जनपद सहित आसपास के जिलो में परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर दबाव है। बोर्ड अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि महाशिवरात्रि पर्व और महाकुम्भ की भीड़ देखते हुए परीक्षा को महाकुम्भ मेला सम्पन्न



होने के बाद ही शुरू किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था में कोई विघ्न न आए। हालांकि ऐसा किया जाता है तो बोर्ड पर आर्थिक और मानसिक दबाव पड़ेगा। महाकुंभ मेले के चलते यातायात की संभावित समस्याओं को देखते हुए गेट और जेम की परीक्षा जोकि प्रयागराज में होने जा रही थी, अब परीक्षार्थियो को लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए शिफ्ट कर दिया गया है। आईआईटी रुड़की ने यह बदलाव महाकुंभ मेला के चलते यातायात की संभावित समस्याओं को देखते हुए किया है।अब यही अपेक्षा यूपी बोर्ड से भी की जा रही है। महाकुम्भ के चलते जनवरी माह से ही यूपी बोर्ड के छात्रों का पठन पाठन काफी प्रभावित रहा है। प्रयागराज में डेढ़ माह से ही श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ है,जिसके चलते स्कूल कॉलेज को बंद करके ऑनलाइन पढ़ाई की खानापूर्ति कराई जा रही है। महाकुम्भ मेले के चलते बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी सही से इस बार नहीं कराई जा सकी है। जिसको लेकर बोर्ड परीक्षार्थी भी अभी से तनाव में हैं।

यूपी बोर्ड के अलावा सीआईएससीई की कक्षा 12वीं की परीक्षा 14 फरवरी से तो वहीं सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से होने जा रही है। शहर के ज्यादातर इलाकों में दो-चार किलोमीटर दूर जाने में कई घंटों का समय लग जा रहा है, ऐसे में बोर्ड परीक्षार्थी और अभिभावक परेशान हैं कि परीक्षा के लिए समय पर कैसे केंद्र तक पहुँचा जा सकेगा। इस आ रही समस्या को लेकर कुछ केन्द्रव्यवस्थापको और अभिभावकों ने अपनी मंसा जाहिर करते हुए बताया कि छात्रहित को ध्यान रखते हुए बोर्ड परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाना चाहिए जिससे छात्रों को परीक्षा के दौरान कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, साथ ही परीक्षा भी निर्विघ्न सम्पन्न कराई जा सके।

# नगराम में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, मिला सुसाइड नोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बीमारी से परेशान होने का सुसाइड नोट में किया जिक्र**

नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के कमालपुर विचलिका निवासी राजकमल की पत्नी संगीता उर्फ छोटी (27) ने बीते बुधवार की शाम अपने कमरे में लगे हुक से साड़ी के फंदे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीते बुधवार की शाम उसके पति राजकमल गांव के ही एक चौराहे पर चाट की दुकान लगाते है घटना के दौरान राजकमल अपने चाट की दुकान पर था सास विंदेश्वरी व ससुर रामेश्वर घर के बाहर बैठे थे और दोनों बच्चे बेटी काव्या (7) व कुनाल (5) भी बाहर खेल रहा था। तभी संगीता ने लगभग सात बजे घटना को अंजाम दिया। जब तक घर वाले बाहर से घर के अंदर जाते तब तक संगीता की मौत हो चुकी थी , परिजनों ने घटना की जानकारी नगराम पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वहीं कमरे में ही एक सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा था '' मै अपनी बिमारी के चलते परेशान हूं दवा कराते कराते परेशान हों गई हूं इसमें न मेरे घर वालों की ग़लती है और न ही मेरे पति और सास ससुर की हमने आत्महत्या की है''। हालांकि सुसाइड नोट जांच का विषय है। राजकमल ने बताया कि उसका विवाह 2016 में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के नवी खेड़ा से हुई थी।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराया गया है मामले में किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# एस.डी.वी. एकेडमी में मनाया गया वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

**विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर लवकुश यादव ने मुख्य अतिथियों का किया स्वागत**

**कार्यक्रम में भारत तिब्बत सीमा व बीएसएफ के जवानों ने प्रतिभाग किया**




लखनऊ । नगर पंचायत मोहनलालगंज क्षेत्र के रानीखेड़ा स्थित एसडीवी एकेडमी का वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के टू.आई.सी. मुकेश कुमार शर्मा ,डिप्टी कमांडेंट सचिन शर्मा , बीएसएफ सीमा सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट अलोक कुमार मिश्रा ,डिप्टी कमांडेंट संजीव कुमार, इंस्पेक्टर पुनीत कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित का किया । मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र छात्राओं को उनके अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शन करने का मौका मिलता है । वही छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धमाकेदार प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया । सर्व प्रथम सरस्वती बंदना स्वागत गीत गाकर व सड़क सुरक्षा , बाल विवाह , सोसल मीडिया नाटकों का मंचन किया जिसे अतिथियों ने खूब सराहा । सोशल मीडिया एवं मोबाइल पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत करने वाले व्यंग नाटक की प्रस्तुति कक्षा 2 के छात्र व छात्राओं ने की । वार्षिकोत्सव के समापन पर विशिष्ट अतिथि सीएल वर्मा , श्रवण कुमार यादव , पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर व प्रदेश अध्यक्ष विजय यादव , मायाराम वर्मा , विपिन यादव , हरिशंकर रावत, संतराम यादव एवं समस्त एसडीवी अकैडमी से कामिनी , सुजय यादव, अभय यादव ,रचित यादव , आयुष यादव , रितेश , अमन अवस्थी मौजूद थे, वार्षिक क्रीड़ा अन्य प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किया गया , स्कूल के संरक्षक हरदेव लाल यादव व संचालक लवकुश यादव ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया । इस मौके पर भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के टू आई सी व डिप्टी कमांडेंट व और बीएसएफ सीमा सुरक्षा बल डिप्टी कमांडेंट संजीव कुमार इंस्पेक्टर पुनीत कुमार सभी छात्र व छात्राओं के अभिभावक व छात्र छात्राएं व अन्य समाजसेवी मौजूद रहे ।

# क्या ज़ोन 3 में लागू नहीं होते एलडीए के नियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण रोकने संबंधी आदेश एक तरफ हैं तो वहीं दूसरी तरफ प्राधिकरण के कुछ अवर अभियंता व सहायक अभियंता के अपने कारनामें एक तरफ है। लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन ज़ोन 3 के सभी थानों में अवैध रूप से व मानकों के विपरीत होने वाले निर्माण जमकर किये जा रहे हैं। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र, सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र, पारा थाना क्षेत्र काकोरी थाना क्षेत्र कोई कोई जगह ऐसी नहीं बची है जहां इस तरह के अवैध निर्माण जारी न हो। इसके बावजूद अवर अभियंता के पद पर रहते हुए कई बार प्रवर्तन से हटाए गए एक सहायक अभियंता जो कि वर्तमान समय में ज़ोन 3 में सहायक अभियंता के पद पर तैनात है उनको अवैध रूप से होने वाले यह निर्माण हमेशा की तरह नजर ही नहीं आते हैं। साथ ही पूर्व में ज़ोन 2 में तैनात रहे एक अवर अभियंता साहब जो कि वर्तमान समय में ज़ोन 3 में तैनात हैं इन अवर अभियंता साहब को भी अवैध रूप से होने वाले यह निर्माण हमेशा की तरह नजर नहीं आते हैं। इन अवर अभियंता साहब का तो साफ कहना है कि मै इतने बड़े क्षेत्र में अकेला चक्कर लगाता रहूं मेरे बस का यह काम नहीं है। उनका कहना था की सुपरवाइजर की भी तैनाती अब ज़ोन में नहीं है मै अकेला कहाँ कहां देखता रहूँ। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्दे के पीछे रहकर सुपरवाइजर अभी भी क्षेत्र में सक्रिय है और ज़रूरत की जगह पर अवर अभियंता साहब का तालमेल बैठाने में पूरा सहयोग करते हैं। उदाहरण के तौर पर कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रलोक कॉलोनी डिफेंस कैरियर अकादमी से मिला हुआ ऐसा ही एक निर्माण किया जा रहा है। अलीनगर सुनहरा में नहर किनारे श्री नारायण लॉन के सामने मानकों की विपरीत हो रहा एक निर्माण एलडीए को खुलेआम चुनौती देते हुए सीना ताने खड़ा हुआ है। पंडित खेड़ा के थोड़ा आगे जाते ही काशीराम चौराहे पर वरदान लॉन के सामने भी एक अवैध रूप से किया जा रहा व्यवसायिक निर्माण चालू है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर यह सभी निर्माण किसकी शह पर किए जा रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा सहायक अभियंता व अवर अभियंता को क्षेत्र में जिस कार्य की जिम्मेदारी दी गई है क्या वह लोग अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं। जाहिर सी बात है अपनी जिम्मेदारियां में घोर लापरवाही निभाने के चलते ऐसे अधिकारी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की स्वच्छ छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। दूसरी ओर लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन ज़ोन 3 में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के सख्त आदेशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए अवैध निर्माण करने वाले अपना जलवा बारकरार रखे हुए हैं। प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को चाहिए है की कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले अवर अभियंताओं को चिन्हित करते हुए उचित कार्यवाही करें और किसी स्वच्छ छवि के अवर अभियंताओं को ज़ोन 3 का कार्यभार दें जो अपनी जिम्मेदारियों को समझे, जिससे की क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माणों को रोका जा सकें और प्रदेश के मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा किया जा सके।

# पीडीए की बैठक में पार्टी को मजबूत करने की हुई बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विद्यावती वार्ड के रिक्सा कालोनी में अल्पसंख्यक सभा के विधानसभा अध्यक्ष रईस अहमद द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल में लोगों जोश देखने वाला था। लोग बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं। पीडीए समाज के लोगों ने कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता जलाल अकबर साहब ने किया और संचालन अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हारुन अज़ीज़ ने किया। कार्यक्रम मे मुख्याति के रूप में अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब सकीला नदवी मौजूद रहे, उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पीडीए समाज को निशाना बना कर सबसे ज्यादा सताया जा रहा है। मौजूदा सरकार ने उनके सारे हक़ और हुकूक छीन कर हासिये पर खड़ा कर दिया है। अब समय आगया है कि पीडीए समाज के लोग एक जुट हो कर 2027 के विधानसभा चुनाव मे इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फ़ेके। इस अवसर पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि पीडीए की एकजुटता देख कर वर्तमान सरकार बौखला गई है और इसी बौखलाहट मे भारतीय जनता पार्टी के नेता सडक से लेकर सदन तक अमर्यादित भाषा का इस्तिमाल कर रहे हैं, उन्होंने चौपाल में मौजूद संगठन के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब इस पीडीए चौपाल को शहरी क्षेत्र की कालोनियों में छोटी छोटी पंचायत कर लोगों को मौजूदा सरकार की नाकामी को बताना होगा और समाजवादी सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने की जरूरत है। इस अवसर पर त्रिवेणी पाल, ललिता राजपूत, रामप्रकाश यादव, राम अवतार धीमान, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, शशीलेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर अकरम सिद्दीकी, शाह आलम, अकील खान, बदरुल हसन, अकरम खान बबलू, ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू,अवशेष कश्यप, शकीला बानो, आरती रावत, जरीना बेगम,महेश धानुक, मोहन वर्मा, अजीत यादव फिरोज खान, समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## न्याय धर्म और साधुओं की रक्षा में समर्पित रहना सिखाती है श्रीमद् भागवत कथा: अमित राज



चिनहट लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । चिनहट के सतरिख रोड स्थित पलटू दास आश्रम पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं पांच कुंडीय मां पीतांबरा महायज्ञ कार्यक्रम में चौथे दिन बुधवार को कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के लखनऊ जिला अध्यक्ष अमित राज यादव ने पहुंचकर आश्रम पर आयोजित कथा की आयोजक संत कुटी पलटू दास आश्रम की महंत खुशबू दिनेशानंद का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया। इसी क्रम में कथावाचक व्यास जी एवं उनकी कथा मंडली अशोक पांडे सूरज शुक्ला अजीत त्रिपाठी आदि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष अमित राज ने भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया की सत्य धर्म तथा न्याय की रक्षा एवं असत्य अधर्म व अन्याय का प्रतिकार सदैव पूरी क्षमता के साथ करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सर्वत्र होना चाहिए। प्रतिदिन होना चाहिए। इस मौके पर उनके साथ गोयल टावर के प्रेसिडेंट प्रशांत पांडे देवस्थान के प्रेसिडेंट आर एन त्रिपाठी समेत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन

नगराम , लखनऊ । गुरुवार को क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 11वीं तथा अन्य जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा 12वी के विद्यार्थियों हेतु आयोजित किया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने धूप एवं दीप प्रज्वलित किया तथा कक्षा 11 की छात्राएं नंदिनी तथा लक्ष्मी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया । 12वीं के बाद कैरियर ऑप्शंस के विषय में शिक्षक प्रेम कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग की। बोर्ड परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली विशेष सावधानियां के बारे में कार्यक्रम के संचालक शिक्षक अमित कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। श्रीकांत वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव नहीं लेना चाहिए। कार्यक्रम के अन्य आकर्षणों में 11वीं के छात्राओं द्वारा कॉलेज लाइफ पर आधारित ड्रैमेटिक डांस, छठी क्लास की छात्राओं द्वारा शुभ दिन आयो रे व 9वीं क्लास की छात्राओं द्वारा कभी अलविदा न कहना पर डांस प्रस्तुति किया गया। अन्य विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज तथा जलपान की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके जीवन के लिए एक यादगार रहेगा।

## चिनहट कस्बा स्थित पासी मोहल्ले में अधेड़ व्यक्ति ने की खुदकुशी

चिनहट लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ चिनहट कस्बा स्थित पासी मोहल्ले में रहने वाले 40 वर्षीय गणेश लोधी ने गुरुवार शाम करीब पांच बजे कमरे में साड़ी के सहारे खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने से जान देने की वजह साफ नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची चिनहट पुलिस मामले की छानबीन कर अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिनहट कस्बा स्थित पासी मोहल्ले में रहने वाले कौशल लोधी परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे कौशल लोधी के 40 वर्षीय बेटे गणेश लोधी ने कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी सुशील कुमार, दरोगा बिट्टू सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। चौकी प्रभारी सुशील कुमार के मुताबिक कौशल लोधी ने बताया कि उनके छह बेटों में गणेश बड़ा था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में गणेश की शादी खूशबू से हुई थी। बताया जा रहा है कि गणेश लोधी शराब पीने का आदी था। घरवालों ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर उनके रिश्तेदार के यहां शादी है, जिसमें पति-पत्नी शामिल होने गए थे। यह भी बताया कि वहां से आने के बाद गणेश ने खुदकुशी कर ली। गणेश ने यह कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एंटी नारकोटिक्स टीम को मिली बड़ी कामयाबी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारी मात्रा में कोकीन (ड्रग्स) की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा कर लखनऊ यूनिट एंटी नारकोटिक्स टास्क ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को बीबीडी क्षेत्र से एक शाहीद नाम के तस्कर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उसके पास से पांच करोड़ रुपए कीमत की कोकीन बरामद हुई है। नारकोटिक्स टीम ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बीबीडी थाने में दाखिल किया है।

# बजट 2025-26 को आर्थिक विकास के लिए गेम-चेंजर: राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**यूपी की आर्थिक वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिक : डॉ. राजेश्वर सिंह**

लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बजट 2025-26 की सराहना करते हुए इसे ''उत्तर प्रदेश को क्ता ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला स्पष्ट रोडमैप'' बताया है। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि यह बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट होने के साथ तकनीकी पैरामीटर्स पर भी आदर्श बजट है। राजकोषीय घाटाः 2.97% है जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एफ0आर0बी0एम0 एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है। वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित फिस्कल हेल्थ इण्डेक्स में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर (अग्रणी) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 11.6% की दर से बढ़ रही है, जो राष्ट्रीय औसत (9.6%) से अधिक है। कोविड मंदी के बावजूद 2016-17 में प्रतिवर्ष आय 52,671 से वर्ष 2023-24 में बढ़कर ?93,514 रूपये हुई है। विधायक ने जोड़ा इस बजट का 22% हिस्सा आधारभूत संरचना, 13% शिक्षा और कौशल विकास, 11% कृषि और 6% स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाएगा, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। यह बजट प्रदेश के संतुलित आर्थिक विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल परिवर्तन, शिक्षा, औद्योगिक निवेश, कृषि, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. सिंह ने कहा कि ''यह बजट केवल व्यय का विवरण नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक ताकत को दर्शाने वाला एक दूरदर्शी दस्तावेज़ है।'' उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में आई तेजी और प्रति व्यक्ति आय में हुई बढ़ोतरी दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। डॉ. सिंह प्रदेश की 25 करोड़ जनता के हितों का ध्यान रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का विशेष आभार भी व्यक्त किया।

# अनुराग पाण्डेय सभापति व चारू खन्ना बनी उपसभापति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की लखनऊ शाखा की प्रबन्ध समिति के लिए सात सदस्यों का चुनाव बीती 24 जनवरी को सम्पन्न हुआ था। जिसके बाद बीते 25 जनवरी को मतगणना के बाद सात सदस्य विजयी घोषित किये गये। इन सात सदस्यों में से गुरूवार को कार्यसमिति की प्रथम बैठक में पदाधिकारी चयनित किये गये। जिसमें अनुराग पाण्डेय सभापति, चारू खन्ना उपसभापति, ऋषभ मिश्रा सचिव, आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष, अश्वनी जयसवाल सिकासा सभापति, अंशुल अग्रवाल सदस्य व प्रियंका गर्ग सदस्य पद के लिए चयनित किये गये।

# जनता पूछ रही है, जुमला मंत्रालय के लिए कितना बजट आवंटित हुआ : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश बजट सत्र में नौवां बजट पेश होने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी सरकार को इंगित करते हुए कहा, यह इनका सेकेंड लास्ट बजट था। इसके बाद आख़िरी बजट पेश होगा, उसके बाद नई सरकार चुनने का मिलेगा। उन्होंने योगी सरकार के बजट पर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह बजट इनके घोषणा पत्र के विपरीत है। बजट पर आगे बोलते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, यह बजट नहीं बड़ा ढ़ोल है जिसमें आवाज़ तो बहुत है पर अन्दर से खाली है। साथ ही उन्होंने बजट को खोखला बताया।

बुनकरों को याद करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, बजट देखकर बुनकरों का ताना बाना रूक गया है। जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना बजट दिया है। 'जुमला मंत्रालय' के बहाने उन्होंने बीजेपी सरकार के ऊपर तंज़ कसा।

ज्ञातव्य है कि हाल ही में बजट सत्र के दौरान विधानसभा में 'उर्दू भाषा' को लेकर ख़ूब हाय-तौबा मचा था। विपक्ष ने उर्दू भाषा को लेकर बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की। इसी विषय पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, विद्वानों की सभा में मूर्ख के लिए मौन ही आभूषण होता है। यह तो विधानसभा थी जहां बहुत जागरूक लोग थे। उन्होंने तंज़ कसते हुए कहा, कुछ लोग उर्दू का विरोध उर्दू में ही किये। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री को उर्दू के बारे में पता ही नहीं है जबकि यह भारतीय भाषा है क्योंकि इसका जन्म यहीं हुआ है। अपने सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, समाजवादी सरकार द्वारा जो मंडियां बनवायी गयी थीं, उन मंडियों को चौपट करने का काम बीजेपी सरकार ने किया है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार को 'डबल ब्लंडर' कहते हुए कहा, इस डबल ब्लंडर सरकार ने अगर एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया हो तो सरकार को बताना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने योगी सरकार की हेल्थ डिपार्टमेंट को बीमार बताते हुए कहा, पूरे स्वास्थ्य विभाग को इलाज़ की आवश्यकता है। अखिलेश यादव ने विभिन्न मुद्दों पर बात करते हुए धर्म की परिभाषा और महत्त्व पर भी अपनी बात कही। उन्होंने कहा, धर्म के काम में मुनाफा नहीं सोचा जा सकता। धर्म का काम तो सेवा और आस्था का होता है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इनके लिए धर्म मुनाफा के लिए बिजनेस हो गया है। सपा अध्यक्ष ने पुलिस विभाग पर बड़ा आरोप लगाते हुए उसकी कार्यशैली पर भी कड़े सवाल खड़े किये।

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष ने एक्स पर अपने पोस्ट के माध्यम से कहा, यूपी के बजट में गोरखपुर के हिस्से 'गिद्ध प्रजनन एवं संरक्षण' केन्द्र आया है। उन्होंने पूछा, सवाल यह है कि तैराकी सिखाने का केन्द्र कब खुलेगा क्योंकि हर वर्ष बरसात में जलभराव के कारण उत्तर प्रदेश की इस 'मुख्य नगरी' में नावें कम पड़ जाती हैं। लोगों को तैरना आता रहेगा तो 'आत्मनिर्भरता' का नारा भी बुलंद रहेगा। ज़ाहिर सी बात है कि उनका संकेत योगी सरकार की तरफ था।

## अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट : पुणे की ममता व प्रेक्षा की जोड़ी ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

लखनऊ । पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी. और सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीता। सूर्या खेल परिसर, करियप्पा रोड, कैंट, लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जी. व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस.संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए ऽआर्मी-पुणे के विक्रम ए.राजापुरे व सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा.श्रीनिवास रेड्डी व टी.रामा मूर्ति को 21-13, 21-12 से हराया।

# शिव और राधा कृष्ण मंदिर का जल्द होगा जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण : सुरेंद्र मैथानी

एजेंसी

कानपुर। गोविंद नगर के मसवानपुर में स्थित शिव मंदिर और राधा कृष्ण मंदिर में सावन के महीने में शिव बारात और कार्तिक माह की एकादशी को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तर का दंगल इस स्थल की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाता है। करीब पांच सौ साल पुराने इन धार्मिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में गुरुवार को भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने लखनऊ स्थित सदन हाउस में उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात करते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा है।

गोविंद नगर विधानसभा भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मसवानपुर स्थित शिव और राधा कृष्ण मंदिर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर लखनऊ स्थित सदन हाउस में उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को मांग पत्र सौंपा है। विधायक ने इस धार्मिक स्थल पर सुरक्षा, महिला शौचालय, धार्मिक आयोजनों के लिए हॉल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की। साथ ही इसे पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए इसके विकास की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस स्थल का विकास न केवल विधानसभा क्षेत्र बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी उत्साह और श्रद्धा का संचार करेगा।

विधायक ने कहा कि किसी समय यहां की मान्यताओं से आमजन दर्शन उपरांत अपने जीवन की नई ऊंचाइयों को पाता था। वो परंपरा अभी तक चली आ रही है। लोगों का उस स्थान के प्रति विशेष आकर्षण है। आम श्रद्धालुओं का यह मानना है कि वहां के दर्शन मात्र से ही उनका जीवन सुख मय और समृद्धशाली बन जाता है। जीर्ण शीर्ण हालत में पड़े हुए उक्त स्थल का,जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण, पर्यटकों और श्रद्धालुओं की दृष्टि से अति आवश्यक है।

# जिला राइफल एसोसिएशन सीतापुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय राइफल शूटिंग का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर।जिला राइफल एसोसिएशन सीतापुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय राइफल शूटिंग का आयोजन 11वी वाहिंनी पी0ए0सी0 सीतापुर के बटरेंज पर आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा हवा में गुब्बारें फोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।तत्पश्चात जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा



नंद तिवारी द्वारा टारगेट पर निशाना लगाकर शूटिंग की गयी।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आये हुये सभी

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हवा में गुब्बारें फोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया**

प्रतिभागियों एवं अन्य उपस्थित जनों का अभिवादन करते हुये कहा कि जिला रायफल क्लब एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसके माध्यम से जनपद में शूटिंग कम्पटीशन और उसको मोटीवेट करने व उसको प्रमोट करने के लिये आवश्यक है, उसमें कम्पटीशन आर्गेनाईज कराये जाते है। लोगों को इसमें जोड़ा जाता है, यह एक हर्ष का विषय है। कोविड के कारण अन्य कारणोंवश पिछले 5-6 सालों से यह आयोजित नही हो पा रहा था, काफी लम्बे अन्तराल के बाद यह शूटिंग कम्पटीशन आयोजित हुयी है और इमसें प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों, आयोजित करने वाले सभी सदस्यों, जिन्होंने इसमें सहयोग किया, उन सभी को धन्यवाद दिया। सभी को शुभकामनाएं दीं देते हुये कहा कि आप सभी इसमें अच्छा पार्टीसिपेट करें, जिससे आपको नेशनल लेवल पर पार्टीसिपेट करते हैं, उसमें आप सभी की प्रतिभा निखर कर आये।

# पत्रकार को पितृ शोक, समूचे कस्बे में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(खैराबाद सीतापुर) । मोहल्ला अर्जुनपुर नई बाजार के निवासी बलराम कृष्ण पाण्डेय,पत्रकार के पिता दयाशंकर पाण्डेय (सेवानिवृत्त बैंक कैशियर) उम्र 73 वर्ष जिनकी कल शाम अचानक तबियत बिगड़ गई और उनका निधन हो गया द्य उनके निधन से समूचे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की जानकारी होने पर अंतिम दर्शन पाने के लिए उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया और सभी ने अपनी शोक संवेदनाएं दी उनका अंतिम संस्कार शीतलन तालाब श्मशान घाट पर हुआ द्य इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता , ईओ प्रेम शंकर गुप्ता, विकास हिंदू, पत्रकार शरद कपूर,रवि जयसवाल, अंकित गुप्ता,बिन्दू मौर्या, नवनीत दीक्षित ,अंकित मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राम सुमिरन



**निधन की जानकारी होने पर अंतिम दर्शन पाने के लिए उनके आवास पर लोगों का लग गया तांता**

शर्मा , सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# गोरखपुर में पांचवें विश्वविद्यालय का मार्ग प्रशस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में योगी सरकार ने 50 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान कर गोरखपुर में पांचवें विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। वानिकी और औद्यानिक विश्वविद्यालय के रूप में गोरखपुर का यह पांचवां विश्वविद्यालय बेहद अनूठा और उत्तर भारत का अपने तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार और गोरखपुर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव का कहना है कि वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करने के साथ ही यहां चलने वाले पाठ्यक्रमों का ड्राफ्ट भी



तैयार कराया जा रहा है। इसके लिए टेक्निकल एक्सपर्ट की कमेटी बना दी गई है। इस विश्वविद्यालय में वानिकी के अलावा कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी और औद्यानिक के भी डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित कराने की योजना है। ताकि बड़ी संख्या में युवाओं के सामने नौकरी और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें। गोरखपुर वन प्रभाग में स्थापित होने वाला वानिकी विश्वविद्यालय न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि समूचे उत्तर भारत का अपने तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। यही नहीं, यह देश का दूसरा और पूरी दुनिया का चौथा वानिकी विश्वविद्यालय होगा। देश की पहली और दुनिया की तीसरी फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी तेलंगाना में है जहां वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान को अपग्रेड कर विश्वविद्यालय बनाया गया है। देहरादून में 1906 में स्थापित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में है।

## अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर मौत

पहला, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सीतापुर के थाना रामपुर कलां इलाके में महमूदाबाद सिधौली मुख्य मार्ग पर कंडौरा के पास सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी , जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना रामपुर कलां पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी महमूदाबाद भेजवाया । तो वहीं प्राप्त जानकारी अनुसार घायल बुजुर्ग शौकत अली पुत्र बफाती उम्र करीब 70 वर्ष निवासी मोहल्ला अचाकापुर पैंतेपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर अपनी बेटी व दामाद इंदू निवासी कंडौरा पुरवा थाना रामपुर कलां गांव को टैक्सी में सवार होकर जा रहे थे। कंडौरा पुरवा गांव को जाने वाली मोड पर मुख्य मार्ग पर टैक्सी को रुकवाकर उससे नीचे उतर कर सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी महमूदाबाद भेजवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल बुजुर्ग को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू की। तो वहीं पुलिस ने बताया कि महमूदाबाद सिधौली मुख्य मार्ग पर कंडौरा के पास एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे महमूदाबाद सीएचसी इलाज हेतु भेजवाया गया है। जहां पर चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया है। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बियर से भरा ट्रक तालाबनुमा गड्ढे में पलटा चालक घायल।

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। बियर लादकर अलीगढ़ से कुशीनगर जा रहा ट्रक सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद कस्बे के निकट तालाबनुमा गड्ढे गिर कर पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सदरपुर पुलिस ने चालक को निकलवा कर सीएचसी रेउसा भेजवाया। अलीगढ़ से लगभग 1400 पेटी बियर लादकर कुशीनगर जा रहा ट्रक संख्या यूपी 24 टी 6431 बुधवार रात जब सदरपुर थाना क्षेत्र में जहांगीराबाद के निकट सीतापुर-बहराइच मार्ग पर केवानी नदी के पुल के पास पहुंचा। इसी बीच अनियंत्रित होकर पुल से पहले सड़क से नीचे बने तालाबनुमा गड्ढे में जाकर पलट गया जिससे ट्रक चला रहा चालक अरविंद कुमार सिंह पुत्र राम भरोसे निवासी सनेसर म्याऊ, थाना दातागंज, जिला बदायूं उसी ट्रक में फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे क्षेत्रीय उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने किसी प्रकार निकलवा कर रेउसा सीएचसी भेजवाया तथा गाड़ी मालिक को सूचना दी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से घर जलकर राख

निघासन-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया। आग से करीब पचास हजार की क्षति का अनुमान है। मझगईं थाना क्षेत्र के बौधिया कलां निवासी मुख्तार अली पुत्र हबीब के घर में रात लगभग तीन बजे अचानक आग लग गई। रात में घर के सभी लोग सो रहे थे। मुख्तार की अचानक आंख खुली तो छप्पर जल रहा था। उसने शोर मचाते हुए घर के सभी लोगों को जगाया जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से लगभग पचास हजार का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल लावण्य गंगवार आग से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट भेज दी है।

## नहर किनारे मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

बिजनौर। थाना किरतपुर क्षेत्र निवासी एक युवक नहर के किनारे खून से लथपथ मिला। इसके बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। युवक को परिजन अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक यासीन पुत्र असलम बेग निवासी गांव सवाई जयपुर में काम करता था। वह गांव में आया हुआ था। परिजनों के अनुसार यासीन को उसके साथ काम करने वाले आवेश, अकरम, समीर घर से लेकर गए थे। उसके बाद वह नहर पर बुरी तरह ज़ख्मी मिला। मृतक के पिता का कहना है कि उसके पुत्र की तीनों साथियों द्वारा ही हत्या की गई है।

# बाल एकांकी नाट्य प्रतियोगिता में सी.एम.एस आठवीं बार मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। अनुरंजनी संस्थान द्वारा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बाल एकांकी नाट्य प्रतियोगिता में सिटी मोंटेसरी स्कूल लखीमपुर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करके लगातार आठवीं बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।दिनाँक 20 फरवरी 2025 को साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक नाट्य क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त संस्था अनुरंजनी द्वारा बाल एकांकी नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन नगर के सुभाष पार्क में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को लघु एकांकी द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया,जिसमें जिले के




नामचीन विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। लखीमपुर नगर के कपूरथला स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय 'सिटी मांटेसरी इण्टर कॉलेज' के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर लगातार आठवीं बार प्रथम स्थान अर्जित किया।

एकाकी की मुख्य भूमिका में छात्रा यशस्वी सारस्वत, सौम्या वर्मा, रमजा फातिमा, सृष्टि शुक्ला, छात्र विष्णु नारायण व प्रतीक वर्मा ने बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें छात्रा यशस्वी सारस्वत के अभिनय को देख दर्शक हुए भावुक तथा निर्णायक मण्डल ने यशस्वी सारस्वत को आज के इस कार्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ अभिनय का सम्मान दिया। एकांकी को तैयार कराने वाले शिक्षक विकास सक्सेना एवं सहयोगी शिक्षक विवेक सक्सेना व शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव, रमा वर्मा की मुख्य सराहनीय भूमिका रही।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बिसवां (सीतापुर)। अज्ञात जीप की टक्कर से युवक की मौत हो गई। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सदरपुर थाना क्षेत्र के देबियापुर निवासी रामनरेश (45वर्ष) पुत्र नत्थू लाल बुधवार देर शाम लगभग 8:30 बजे गांव से देबियापुर चौराहे की ओर पैदल जा रहा था। जब वह सदरपुर थाना क्षेत्र के देबियापुर- पोखरा कलां मार्ग पर देबियापुर सरकारी शराब की दुकान से लगभग 400 मीटर पहले ही पहुंचा था इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात जीप ने रामनरेश को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे बिसवां सीएचसी लेकर गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिसवां पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण के लिए 52 कृषकों को हरी झंडी दिखा कर एडीएम ने किया रवाना

फतेहपुर। आत्मा योजना के अन्तर्गत जिला कृषि केन्द्र के तत्वाधान में गुरुवार को प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के नेतृत्व में अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण के तहत 52 किसानों के दल को आईसीएआर- भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर, राजस्थान व पूसा कृषि विज्ञान मेला भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली भ्रमण के लिए बस को अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर में किसानों को सरसों के उत्पादन हेतु उन्नतिशील प्रजातियों एवं फसल सुरक्षा प्रबन्धन के साथ ही मूल्य संवर्द्धन तकनीक की जानकारी मिलेगी।

# बीवी को विदा कराने गया था युवक, जंगल में लटकता मिला शव, हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही/निघासन-खीरी। पत्नी को विदा कराने अपनी ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। तीसरे दिन उसका शव जंगल में लटकता बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंचे युवक के परिवार वाले शव देख चीख-पुकार मचाने लगे। उन्होंने युवक के ससुरालीजनों पर हत्या कर शव लटकाने का गम्भीर आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी मुताबिक थाना निघासन के गांव चखरा निवासी राजपाल का विवाह थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव बथुआ निवासी पूनम के साथ हुआ था। पूनम मायके में रह रही थी। परिवार वालों के मुताबिक राजपाल (23) अपनी पत्नी को विदा कराने 18 फरवरी को अपनी ससुराल आया था। वह दो दिन अपनी ससुराल में ही रुका। बताया जाता है कि इस दौरान विदाई को लेकर उसका ससुराल वालों से कुछ कहा-सुनी हो गई थी। इसके बाद वह घर से गायब हो गया, लेकिन ससुराल वालों ने उसकी तलाश करने की कोशिश नहीं की। इधर दो दिन बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां सुनीता देवी को चिंता हुई। उन्होंने उसकी ससुराल वालों से संपर्क किया और बेटे के बारे में पूछा तो कोई सही जवाब नहीं दिया। इस पर वह गुरुवार को परिवार वालों के साथ थाना सिंगाही पहुंची और बेटे के गायब होने की



तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद युवक के परिवार वालों की मदद से उसकी खोजबीन शुरू किया।

**चरवाहों ने पेड़ से लटकते देखा शव,मचा हड़कंप**

दोपहर को जंगल में पशुओं को चराने ले गए गांव बथुआ के चरवाहों ने दुधवा नेशनल पार्क के बफरजोन की बेलरायां रेंज

**बीवी को विदा कराने ससुराल आए युवक का पेड़ से लटका मिला शव, हत्या का आरोप**

की बथुआ बीट के जंगल में रोहिणी के पेड़ से एक युवक का शव लटकते देखा। शव के गले में रस्सी का फंदा कसा था और रस्सी का एक सिरा पेड़ की डाल से बंधा था। चरवाहों ने शव लटका होने की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रुस्तम को दी। प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर एसओ अजीत कुमार मृतक के परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे।

**घर से भागे युवक के ससुराली!**

युवक की मां सुनीता देवी ने शव की पहचान अपने पुत्र राजपाल के रूप में की। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि शव मिलने के बाद युवक के ससुराल के लोग घर से भाग निकले। पुलिस ने शव पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक की मां ने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

**पत्नी समेत चार के खिलाफ दी तहरीर!**

बेटे की मौत से उसकी मां सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बेटे के शव को निहारने के बाद गश खाकर गिरी जा रही थी। मौके पर मौजूद परिवार के अन्य लोग महिला को ढांढस बंधा रहे थे। मृतक की मां ने मृतक के ससुर सुकई, पत्नी पूनम और साले बबलू पर हत्या कर जंगल में शव लटकाने का आरोप लगाया है और तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष सिंगाही!**

एसओ सिंगाही अजीत कुमार ने बताया कि मृतक युवक पत्नी को विदा कराने अपनी ससुराल बथुआ आया था। उसका गुरुवार को शव जंगल में लटका बरामद हुआ है। मृतक की मां हत्या का आरोप लगा रही है। उसके ससुर, पत्नी समेत तीन के खिलाफ तहरीर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम पंचायत फतेहनगर भ्रष्टाचार के गिरफ्त में, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ब्यूरो । पंचायतराज विभाग में ग्राम पंचायतों के विकास का जिम्मा संभालने वाले अपनी मनमानी चला रहे हैं। उन्हें न तो शासन के आदेशों कोई डर है और न ही वे प्रशासनिक अधिकारियों की बात मानते हैं। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फतेनगर में प्रधान व सचिव की मिली भगत से ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है सूत्रों की मानतो कुछ कार्य धरातल पर हुए है कुछ हुए भी नहीं है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय (1से 8) फतेनगर में टाइलीकरण व मरम्मत




के नाम पर चार बार में लगभग 574000 रुपयो का भुगतान कराया गया है ।

जिसमे विद्यालय में लगे टाइल कही - कही टूट कर चकनाचूर हो चुके हैं कही - कही साइड भी छोड़ चुके हैं ।सवाल या उठता है की जब सरकार इतने पैसे खर्च कर रही है तब भी ग्राम पंचायत में काम थर्ड क्वालिटी का ही क्यों हो रहा है उत्तर प्रदेश सरकार सबसे ज्यादा धन शिक्षा पर ही खर्च कर रहा है। तब भी प्रधान व सचिव की तिगड़ी अपने मनमाने तरीके से कार्य करके अपनी - अपनी जेब भरकर अपनी उन्नति करने में लगे है । स्कूल स्टाफ ने बताया की स्कूल में ही बना आंगनबाड़ी केंद्र जिसकी फर्श लगभग - लगभग धंस चुकी है वही विद्यालय में बना शौचालय जिसके दरवाजे टूटे पड़े हैं। स्कूल स्टाफ ने बताया की बच्चों के लिए दूध नहीं दिया जाता है। जिस पर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच व उचित कार्यवाही हेतु मांग

**टाइलीकरण व मरम्मत के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार**

**मिड-डे मील में बच्चों को नही दिया जा रहा दूध**

की है उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहनगर (1 से 8) जिसमें बच्चों को खाना खिलाने के लिए टीन सेड डाला गया है जिसका कार्य पिछले 1 वर्ष से चल रहा है अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है।

**क्या बोले जिम्मेदार.......**

, वही जब खंड विकास अधिकारी मछरेहटा राजेश तिवारी को फोन किया गया तो उन्होंने बताया मौके की जांच जांच की जाएगी ऐसा पाया जाता है तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी


# नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांकः-187/ न0पा0परि0खैराबाद / 2024-25 दिनाँक-19.02.2025

**शुद्धि पत्र**

नगर पालिका परिषद खैराबाद जनपद सीतापुर के पत्रांक - 162 / न0पा0परि0खैराबाद / 2024-25 दिनांक 18.02.2025 द्वारा नमार्णाधीन शापिंग काम्पलेक्स / दुकानों को लॉटरी के माध्यम से आवंटन हेतु विज्ञप्ति / सूचना का प्रकाशन कराया गया था। उक्त काम्पलेक्स / दुकान स्थल के क्रम संख्या 02 में पूर्व के स्थान पर निम्नवत पढ़ा जाये-

| कं0 सं0 | काम्पलेक्स / दुकान स्थल | दुकान नं0 | औसत क्षेत्रफल (वर्गफीट) | प्रिमियम की धनराशि | मासिक किराया प्रति दुकान (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद खैराबाद के मोहल्ला बक्सरिया टोला कांजी हाउस (ब्लाक-बी) में दुकान निर्माण । | 11, 12, 13, 14 | 111 | 400000 | 500 |
| | | 15., 16, 17, 18 | 108 | 500000 | 100 |
| | | 10 | 135 | 500000 | 100 |
| | | 19 | 120 | 500000 | 100 |

शेष नियम व शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् खैराबाद
सीतापुर

# डीजे बजाने को लेकर चाकूबाजी लड़की के भाई की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला में बुधवार की रात तकरीबन एक बजे बारात में डीजे चलाने को लेकर हुए विवाद में वर पक्ष के लोगों ने लड़की के भाई व दो अन्य को चाकू से प्रहार कर दिया। इस हादसे में लड़की के एक भाई की मौके पर मौत हो गई। वही लड़की का दूसरा भाई व रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों घायलों को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनो जिन्दगी और मौत से जूझ रहे है। घटना के बाद वगैर शादी के ही बारात लौट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वर पक्ष के लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बतादे कि हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला निवासी मोहनलाल पासवान के घर बुधवार की रात उनकी लड़की की शादी थी। पडोसी जनपद देवरिया के रुद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोगिया से बारात आयी हुई थी। द्वारपूजा व जयमाला का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रात लगभग एक बजे गुरहथन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच दरबाजे पर बज रहे डीजे को लड़की पक्ष के लोगों ने बंद करा दिया। इसको लेकर वर पक्ष के लोग आक्रोशित होकर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान लड़की के 22 वर्षीय भाई अजय पासवान पुत्र मोहन लाल, 17 वर्षीय सत्यम पुत्र मोहन लाल व रिश्तेदार रामा पर धारदार चाकू वार कर लहूलुहान कर दिया । आनन फानन में लड़की पक्ष के लोग तीनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली ले गये, जहां चिकित्सको ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। परिजन तीनो घायलों को मेडिकल कालेज इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में लड़की के भाई अजय पासवान की मौत हो गई। लड़की के एक अन्य भाई सत्यम व रिश्तेदार रामा उम्र 30 वर्ष का इलाज गोरखपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बिना शादी किये ही बारात वापस लौट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मय फोर्स हाटा कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल लड़की के मृतक भाई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा वर पक्ष के लोगों को हिरासत में ले लिया।

# राम को वही जान सकता है जिसके जीवन में शिव जैसा त्याग होगा : गायत्री नंदन

## 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के चौथा दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के चौथे दिन व कथा प्रवचन के दूसरे दिन बुधवार की सायं अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने भगवान शिव के त्याग का बखान किया।

कथावाचक ने कहा कि राम कौन हैं यही जानने के लिए कई वर्षों से कथाओं का आयोजन किया जाता है। इसी प्रश्न से राम कथा शुरू होती है लेकिन राम को वहीं जान सकता है जिसके जीवन में शिव जैसा त्याग होगा। दिन के सत्र मे प्रेमशरण जी महाराज ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना का प्रथम नागरिक केवट है। जिसे जीवन में किसी वस्तु की अथवा किसी कोई भी कामना जिसके जीवन में शेष नहीं रह गई और केवट भगवान के पैर पकड़ कर कहता है कि अब मुझे कुछ और नहीं चाहिए। केवट ने बड़े ही भाव से भगवान की सेवा करें करके चरण धुला करके और भगवान को गंगा पर उतरता है। इसके पूर्व कथा का शुभारंभ कुशीनगर महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय राय, संजय सिंह, भास्कर पांडेय, मुकेश यादव, रवींद्र यादव, अभिषेक उर्फ आनंद यादव, रवि वर्मा, ईश्वर चंद गुप्त ने व्यास पीठ का पूजन कर किया। संचालन पं. दीपक मिश्र ने किया। रागिनी यादव ने 12 घंटे यज्ञशाला की परिक्रमा की। इस दौरान आयोजक हरिदास महाराज, यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजू यादव, सत्यनारायण यादव, दिनेश्वर यादव, छोटे ठाकुर, हरेंद्र यादव, भवानी कुशवाहा, पुजारी सुनील मिश्र, संजय मिश्र, गोरख यादव, धर्मराज, हरिलाल गोंड, तूफानी यादव, नवलकिशोर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्थानांतरित लेखाकार की हुई भावभीनी विदाई



राजापाकड़ /कुशीनगर। तमकुही बीआरसी में सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत रहे अनंत अग्रवाल का स्थानांतरण दुदही बीआरसी के लिए हो गया है।

बीआरसी तमकुही में बीआरसी कर्मियों एवं शिक्षकों ने काफी व्यवहार कुशल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अनंत अग्रवाल को फूल माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें विदाई दी। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शंभू यादव, ब्लाक मंत्री देवेन्द्र ओझा, जूशिसं अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तमकुही मंत्री अंजनी सिंह, टीएससीटी के जिला सह संयोजक अजय कुमार सिंह, मिडिया प्रभारी राजू सिंह, पूर्व एनपीआरसी अजय शर्मा, पूर्व एबीआरसी अमरनाथ यादव, पूर्व बीआरसी / पूर्व अध्यक्ष जूशिसं मिनहाज अहमद सिद्दिकी, पूर्व एनपीआरसी तमकुही सैयदा जहां आरा खातून, पूर्व एबीआरसी राकेश प्रताप सिंह, पूर्व एबीआरसी राजेश प्रसाद, वसी अहमद, ओमप्रकाश गुप्ता, आनंद कुमार सिंह, मुन्ना यादव, विभय यादव, हरिकेश पांडेय,व्यास कुशवाहा , बीआरसी में कार्यरत नितेश गुप्ता, पंकज कुशवाहा, विकास तिवारी, राजकिशोर सिंह, सुधीर यादव आदि ने अनंत अग्रवाल के कार्य व्यवहार, कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अनंत अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तमकुही से मिले अगाध स्नेह, प्रेम, सम्मान को हम कभी भुला नहीं पायेंगे।

# संत समागम का वार्षिक आयोजन सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। पकड़ी के अन्तर्गत ग्राम-सभा सुम्हाटार में 18 वें वार्षिक संत समागम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश से आए केंद्रीय प्रचारक संत अशोक शास्त्री ने किया।श्रीशास्त्री ने अपने संबोधन में कहा ब्रह्मज्ञान को सरल तरीके से परिभाषित करते हुए कहा किसी भी वस्तु को उसके मूल रूप में जानना ज्ञान है। परमात्मा को मूल रूप में जानना ही ब्रह्मज्ञान है।ब्रह्म सत्यं, जगत मिथ्या अर्थात इस संसार में परमात्मा ही सत्य है।परमात्मा की प्राप्ति ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य है।

निरंकारी संत समागम के वार्षिक अधिवेशन में हजारों की संख्या में दूर दूर से संत महात्मा उपस्थित हुए थे।सबने बड़े ही सुंदर भाव में अपने अपने भजन व विचार प्रस्तुत किए। संत निरंकारी मिशन वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को चरितार्थ करते हुए संपूर्ण जगत में मानव एकता और शांति का पैगाम देता है।सेवा दल के भाई और बहनों ने लंगर से लेकर समागम स्थल तक काफी परिश्रम किया था।समागम की सुंदरता मनमोहक थी।इस पुनीत कार्य में ग्राम सभा सुम्हाटार के सभी लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ था,जिसमें लल्लू सिंह,सोहनलाल सिंह और सूरज सिंह का भरपूर सहयोग मिला।पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया था। इस संत समागम का आयोजन निरंकारी महात्मा रामरूप विश्वकर्मा,रमेश कुमार (प्रधानाध्यापक),दिलीप विश्वकर्मा, रामकृपाल विश्वकर्मा,वीरेंद्र साहनी, रामसुबाष साहनी,सुनील गौड़, झिनक,शीतल यादव,कैलाश यादव,रमेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता,गुड्डू पहलवान,रामवचन व समस्त साध-संगत सुम्हाटार द्वारा किया गया था।

# तीन दिवसीय अंग्रेजी विषय के उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर डायट के सभागार में तीन दिवसीय अंग्रेजी विषय के उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण समापन समारोह का समापन हो गया।

प्रभारी प्राचार्य /बीएसए कुशीनगर डॉ रामजीयावन मौर्य की देखरेख में बुधवार को संपन्न

समारोह के मुख्यअतिथि डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में अंग्रेजी भाषा को जानना व समझना एक वैश्विक आवश्यकता है। रिमेडियल ट्रेनिंग के नोडल/ डायट प्रवक्ता धनंजय चतुर्वेदी ने कहा कि जो बच्चे हैं, उनके नीट को देखते हुए, यह उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से अंग्रेजी भाषा को बेहतर तरीके से बच्चों को बताया जा सके। कार्यक्रम को डायट प्रवक्ता डॉ मुकेश गुप्त, चंद्रशेखर कुमार, डॉअखलाक अहमद, , डॉ अर्चना सिंह ल ने संबोधित किया । प्रशिक्षणोपरानत प्रतिभागी शिक्षक/ शिक्षिका गण को प्रमाण पत्र दिया गया। विषय विशेषज्ञ त्रिलोकी प्रसाद मद्धेशिया, नरेंद्र पांडे, एहसान अली, सुचिता प्रसाद, अमीरुल हक अंसारी व मारकंडेय, प्रतिभागी शिक्षक गण में छेदी प्रसाद, अशोक कुमार दुबे, सुरेश प्रसाद रावत, ध्रुव नारायण सिंह, विनय प्रकाश तिवारी, नीरज श्रीवास्तव, सुमित कुमार त्रिपाठी, अमरेंद्र नारायण सिंह, मनोज सिंह, दिनेश यादव, मदन गोपाल पाठक, सुरेंद्र सिंह, रामनिवास प्रसाद, भगवान तिवारी, महेश रजक, अरविंद तिवारी, शिक्षिका गण में- सुधारानी जायसवाल, कंचन लता, प्रतिभा तिवारी, निशु विश्वकर्मा, मनोरमा द्विवेदी, प्रतिभा तिवारी, माया गुप्ता, प्रीति सोनकर, सुनीता सिंह की सहभागिता रही। संचालन-प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी व आभार डायट नोडल प्रवक्ता धनंजय चतुर्वेदी ने ज्ञापित किया।

# संभागीय निरीक्षण प्राविधिक अधिकारी के खिलाफ जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के संभागीय निरीक्षक प्राविधिक अधिकारी आरडी प्रसाद वर्मा के कारगुजारियों की जांच शुरू हो गयी है। यह जांच समाजिक कार्यकर्ता आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा बीते दिनो गोरखपुर के संभागीय परिवहन अधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र के बाद शुरू की गयी है।

गोरखपुर संभागीय परिवहन अधिकारी रामवृक्ष सोनकर को दिये गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2024 में आरआई आरडी प्रसाद वर्मा ने एक निजी एम्बुलेंस वाहन का फिटनेश किया, जब वह एम्बुलेंस देवरिया जनपद के थाने मे बंद थी। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र मे कहा है कि 14 जुलाई - 2024 को यूपी 57टी 3598 नम्बर की निजी एम्बुलेंस देवरिया थाने में बंद थी। मोटी रकम लेकर आरआई ने उस वाहन के फिटनेश का एप्रूवल दे दिया है। आदित्य ने

## आरटीओ गोरखपुर ने न्याय का दिया आश्वासन

आरआई आरडी प्रसाद वर्मा पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाया है जिसे गंभीरता से लेते हुए गोरखपुर संभागीय परिवहन अधिकारी ने शिकायतकर्ता को पत्र भेजकर 18 फरवरी-2024 को गोरखपुर संभाग कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था। आदित्य निर्धारित तिथि को गोरखपुर कार्यालय मे उपस्थित होकर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक आरडी प्रसाद वर्मा के कृत्यों का सभी साक्ष्य उपलब्ध करा दिया है। साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद संभागीय परिवहन अधिकारी गोरखपुर रामवृक्ष सोनकर एंव एआरटीओ गोरखपुर ने शिकायतकर्ता को न्यायसंगत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शिकायतकर्ता आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा है कि यदि जांच में पारदर्शिता नहीं दिखा तो न्यायालय का शरण लूंगा।

## मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

कुशीनगर। जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने परिजन की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव में एक समुदाय विशेष की व्यक्ति के दरवाजे पर खेल रही थी कि मासूम बच्ची को खेलने वाली चिड़िया का खिलौना देने के बहाने घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची रोते विलखते अपने घर पहुंच परिजन से आपबीती सूनाई तो परिजनों के होश उड़ गया। परिजन ने इसकी सूचना विशुनपुरा पुलिस को देते हुए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग किया। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक आरोपी साबिर पुत्र रहीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के धड़पकड़ में जुट गई और आज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## तुर्कपट्टी पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

राजापाकड़/कुशीनगर। जनपद कुशीनगरः तुर्कपट्टी थाना पुलिस ने आज, 20 फरवरी 2025 को हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त शौकत पुत्र याकूब (निवासी ग्राम बैरागीपट्टी) को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ मु.अ.सं. 40/2025 में धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 333, 110, 109 बीएनएस तथा एससी/एसटी एक्ट की धाराएं लगी थीं। गिरफ्तारी टीम में प्र0नि0 संजय कुमार, उ0नि0 राहुल कुमार, का0 योगेश यादव और का0 अरुण चौरसिया शामिल रहे।

# त्रिवेणी चीनी मिल ने 05 फरवरी से 11 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का किया भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 05 फरवरी से 11 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 13 करोड़ 29 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी।

प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके।

वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों एग-118, एग 15023,एग्ख्रख 14201, एग्ख्रख94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच

पत्रांक-528 / न0पा0परि0नान0 / 15वां वि0आ0-ई-निविदा सूचना/2025 दिनांक-20-02-2025

## ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नानपारा में 15वां वि0आ0 की संस्तुतियों के अन्तर्गत तीन कार्यों की ई-निविदायें आनलाइन दिनांक 19.02.2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक-15.03.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक ई-टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्मे उपरोक्त तिथि से ही ई-टेण्डिरिंग पोर्टल http//etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक-15.03.2025 को सांयकाल 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक-15. 03.2025 को सांयकाल अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

(रंग बहादुर सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा बहराइच

(अब्दुल वहीद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा बहराइच


# थाई मंदिर में बुद्ध गीत कांटेस्ट में बच्चों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मोनेस्ट्री परिसर में माधी अमावस्या के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के प्रथम दिन 30 स्कूलों के छात्र - छात्राओं ने तथागत बुद्ध पर आधारित गीत प्रतियोगिता में भाग लिया। सामूहिक रूप से बुद्धम शरणम् गच्छामि की थीम पर श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रस्तुति दी।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत मुख्य थाई मंदिर में प्रमुख भंते फ़्राविडेस्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के निर्देशन में स्थानीय बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्रियो से जुड़े भिक्षुओं ने विधि विधान से भगवान बुद्ध का विशेष पूजन किया। आयोजित बुद्ध गीत प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और थाईलैंड से आए अतिथियों ने फीता काटकर किया। कंटेस्ट में भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों पर आधारित गीत सरदार पटेल जूनियर विद्यालय, लिन्ह सन इंटर कालेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर हेतिमपुर, सीएस स्कूल, लोहिया पब्लिक स्कूल, मैत्रेय लोटस पब्लिक स्कूल अहिरौली सहित 30 विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने एकल, सूहिक रूप से गीत, नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को आयोजक गण और अतिथियों ने पुरस्कृत किया। संचालन टीके राय ने किया। इस दौरान भंते सोन क्रान, राजीव खन्ना, विवेकनंद तिवारी, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड आदि सहित अन्य भंते मौजूद रहे।

# नवाबगंज थाना प्रभारी निर्भय नरायण सिंह के व्यवहार से जनता दुखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नवाबगंज खंड विकास कार्यालय में कर्मचा रियों ने थाना प्रभारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।एडी ओ पंचायत नंद कुमार ने थाना प्रभारी निर्भय नारायण सिं ह पर गंभीर आरोप लगाए हैं।एडीओ पंचायत का आरोप है कि बुधवार की देर शाम थाना प्रभारी ने फोन पर अभद्र व्यवहार किया।उन्होंने खंड विकास अधिकारी को भी गाली दी।कार्यालय में तैनात चौकीदार को मारने के लिए दौड़ने का भी आरोप है।नाराज कर्मचारी आज सुबह 11 बजे से ब्लॉक परिसर में धरने पर बैठ गए।उन्होंने थाना प्रभारी और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर तरबगंज के एसडीएम विशाल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से ज्ञापन लिया और समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया।कर्मचारियों ने थाना प्रभारी के खिलाफ अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने और निलंबन की मांग की है।उन्होंने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर 22 फरवरी से अनि श्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।इस दौरान खंड विकास अ धिकारी विजयकांत मिश्रा,सचिव अमित पटेल,शुभम सिंह, पप्पू सिंह यादव, कमलेंद्र पांडे, राजेंद्र चौहान,गंगा निषाद, फूलचंद और पवन कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यालय में कल मतगणना का कार्यक्रम निर्धारित है।



# ग्राम प्रधान पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, न्यायालय के आदेश की अवहेलना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के करनैलगंज तहसील क्षेत्र में सरकारी जमी न पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत धर्मपुर,विकास खंड कटरा बाजार में ग्राम प्रधान कमलेश सिंह पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी ज मीन पर अवैध रूप से खड़ंजा निर्माण कराना शुरू कर दिया है,जबकि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर प्र शासन द्वारा इस भूमि को पूर्व में अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।

**सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला फिर गरमाया**

मामले के अनुसार, गाटा संख्या 272, 273 और 274 पर क्रमशः पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और सामुदा यिक विकास केंद्र स्थित हैं।पहले इन भूखंडों पर अमरेश सिंह पुत्र जगरूप सिंह और फूलचंद सिंह पुत्र जयपत्तर सिंह का अवैध कब्जा था।उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए इस कब्जे को हटवाया था। लेकिन अब आरोप है कि ग्राम प्रधान कमलेश सिंह ने अप ने निजी स्वार्थ में इस भूमि पर पुनः कब्जे की साजिश रची और वहां खड़ंजा निर्माण शुरू करा दिया।



**न्यायालय के आदेश की अवहेलना,प्रशासन की निष्क्रिय ता पर सवाल..**

ग्राम प्रधान पर आरोप है कि वे अपने स्वार्थ के लिए सर कारी भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं।इतना ही नहीं, उन्होंने अपने निजी गाटा संख्या 270 के पूर्व की सरकारी भूमि को भी छोड़ दिया है,जबकि उनके मकान का निर्माण इसी भूखंड में किया गया है।इसके अलावा, गाटा संख्या 243 जो कि बंजर भूमि है, उस पर भी प्रधान द्वारा अवैध कब्जे का आरोप है।यह मामला न केवल सरकारी संपत्ति के अ तिक्रमण से जुड़ा है,बल्कि न्यायालय के आदेशों की अव मानना का भी है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की,तो यह सरकारी जमीन हमेशा के लिए हड़पी जा सकती है।

**पीड़ित पक्ष ने की मुख्यमंत्री से शिकायत**

इस मामले में शिकायतकर्ता सहदेव सिंह पुत्र फौजदार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवैध कब्जे को तुरंत हटवाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।उन्होंने इस पत्र की प्रति गोंडा जिले के जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी करनैलगंज को भी भेजी है।

**क्या प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई?**

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।क्या सरकारी जमीन को फिर से कब्जा मुक्त कराया जाएगा? क्या ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी? यह मामला प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।अगर जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई,तो न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को बढ़ावा मिलने का खतरा बना रहेगा।

# दो अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरफ्तार,17 मोटर साइकिल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज की पुलिस टीम ने घटना का सफल अना वरण करते हुए टिकरी मोड़ तिराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाईकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों गिरफ्तार कर लिया है।उनके कब्जे व निशान देही से 17 अदद चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया।वही 19 फरवरी की रात्रि थानाध्यक्ष वजीरगंज मय हमराह फोर्स के साथ वाहन चोरी पर नियंत्रण एवं चोरी गयी मोटरसाईकिलों की बरामदगी व चोरो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य चोरी की मोटरसाईकिलों के साथ वजीरगंज की तरफ से टिकरी मोड़ की तरफ आ रहे है।प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा टिकरी मोड़ के पास बैरिकेडिंग कर दो वाहन चोरों बब्बन यादव पुत्र सहाय यादव,विकास यादव पुत्र मुनिराज,को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाईकिलों को बरा मद किया गया।पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों की निशा न देही से टिकरी जंगल से 15 चोरी की अन्य मोटर साई किलों को बरामद किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के वि रूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभि योग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने हेतु गोण्डा,बस्ती,अयोध्या व अन्य जनपदों में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते है तथा इन मोटरसाईकिलों के नम्बर प्लेट बदलकर तथा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर गांव देहात के लोगों को अपनी मोटरसाईकिल बताकर बेच देते है।

# बढ़ रहा है क्राइम का ग्राफ,गोबर फेंकने के विवाद पर मार पीट व फायरिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में आबादी की जमीन प र गोबर फेंकने को लेकर हिंसक झड़प हुई।परेटा ग्राम पंचा यत में काली प्रसाद और जगदंबा के बीच हुए विवाद में ती सरे पक्ष के हीरालाल मिश्रा के परिवार के चार लोग घायल हुए।घायलों में हीरालाल मिश्रा, कामिनी,अन्नपूर्णा और डेढ़ वर्षीय बच्ची शामिल हैं।पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।गंभीर स्थिति को देखते हु ए हीरालाल मिश्रा,कामिनी और अन्नपूर्णा को बेहतर इला ज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डेढ़ वर्षीय बच्ची का इलाज गोंडा में ही चल रहा है।पीड़ित पक्ष ने फायरिंग की भी शिकायत की है।परसपुर थानाध्य क्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस बल तैनात क र दिया गया है।फायरिंग की पुष्टि डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी।क्षेत्र में तनाव को देखते हुए शांति व्यव स्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



# अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । गुरुवार को तहसील नानपारा में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंकार जायसवाल, महासचिव हरिओम शंकर शुक्ला एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पतिराम गौतम को अधिवक्ताओं सहित तमाम लोगों ने बधाई दी इसी कड़ी में नगर मंडल अध्यक्ष रेखा पाण्डेय के नेतृत्व में अजय गुप्ता (जिला प्रतिनिधि), पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला संयोजक अनिल पांडे एवं महामंत्री आनंद रस्तोगी ने भी पहुंचकर बुके भेंटकर उन्हें जीत की बधाई दी एवं मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान अधिवक्ताओं सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चकबंदी मामलों की पड़ताल के मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सु शील ने गोण्डा, बहराइच,बलरामपुर और श्रावस्ती के जि लाधिकारियों को चकबंदी के कामकाज की बारीकी से जांच कराने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक चकबंदी के मामलों को तेजी से निपटाने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।इस संबंध में कमिश्नर ने पत्र जारी कर 25 फरवरी तक रिपोर्ट देने को कहा है।कमिश्नर ने जिलाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने जिले में अपर जिलाधिकारी के जरिए निरीक्षण कराएं और निम्नलिखित बिंदुओं पर साफ-सुथरी रिपोर्ट मंडलायुक्त ने मांगी है, जिसमें धारा-52 के प्रकाशन के बाद कोर्ट के आदेशों के मुताबिक अमल में लाई जाने वाली कार्रवाई की मौजूदा स्थिति।रोस्टर के हिसाब से नियम-109 के तहत अमलदरामद की क्या स्थिति है?, बीते पांच साल में किन-किन गांवों में धारा-52 का प्रकाशन हुआ, उसकी तिथि और अभिलेखागार में दस्तावेज जमा कराने की स्थिति, चकबंदी मामलों में नामित अधिकारी-कर्मचारी ऽ कौन-कौन लोग आदेशों को अमल में ला रहे हैं, उनकी जिम्मेदारी क्या है?, धारा-52 के बाद अभिलेखों को राजस्व अभिलेखागार में जमा कराने की जिम्मेदारी ऽ कौन-कौन अधिकारी-कर्मचारी इसके लिए नामित हैं? मांगी गई रिपोर्ट के बिंदु में शामिल हैं। कमिश्नर ने कहा कि चकबंदी के मामलों को टालमटोल करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें और तय समय सीमा के भीतर रिपोर्ट भेजें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।



## एबीवीपी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा



सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर जिला संयोजक तेजस्व पांडेय के नेतृत्व में छः सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिले में संपन्न होने जा रही उत्तर प्रदेश परीक्षा 2025 को सूचितापूर्ण एवं पारदर्शी कराने के संदर्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई। जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि सुलतानपुर शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र रहा है। सुलतानपुर जिले के विद्यार्थी देश भर में अपना परचम लहरा रहे हैं ऐसे में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 नकल विहीन, पारदर्शी, एवं सूचितापूर्ण हो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। परीक्षा में यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा गड़बड़ी पाई जाती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभगवनपुर आंदोलन के लिए बाध्य होगा । नगर मंत्री आदर्श शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर से ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं को बताते हुए आश्वाशन दिया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए परिषद के सम्पूर्ण कार्यकर्ता जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग में रहेंगे । उक्त अवसर पर विभाग संयोजक शिवम , प्रांत कार्यकारणी सदस्य सत्यम एवं अमन, नगर मंत्री आदर्श एवं शिखर उपस्थित रहे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 25 फरवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 25 फरवरी 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से प्रतिवादी को मिला न्याय

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ. आलोक चाटिया पुत्र महावीर प्रसाद चाटिया, नि. मो. शखैयापुरा, बहराइच द्वारा न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में टेलीकाम डिस्ट्रिक्ट मैनजर व उपखण्ड अधिकारी टेलीकाम, एसटीओ दूर संचार केन्द्र, बहराइच तथा टेलीकाम रेग्युलेटरी अथारिटी आफ इण्डिया, दिल्ली के विरूद्ध योजित परिवाद सं. 19/2020 में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा पारित आदेश में विपक्षी सं. 01 व 02 को आदेशित किया गया है कि वह परिवादी के टेलीफोन संयोजन संख्या 234570 को एक माह में पुनर्संचालित करें तथा टेलीफोन संयोजन के सुचारू रूप से काम न करने के कारण परिवादी को हुए शारीरिक मानसिक कष्ट के रूप में रू. 5,000=00 व वाद व्यय के रूप में रू. 2000=00 विपक्षीगण परिवादी को प्रदान करे। एक माह के अन्दर टेलीफोन संयोजन चालू न करने तथा आरोपित धनराशि अदा न किये जाने पर आदेश की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी अदा करना होगा। उल्लेखनीय है कि परिवादी डॉ. आलोक चाटिया द्वारा योजित वाद में दूर संचार विभाग द्वारा टेलीफोन कनेक्शन संख्या 234570 को पुनर्संचालित कराये जाने की मांग की गई है।

## गोलाघाट से टेढुई सड़क चौड़ीकरण परियोजना का हुआ शुभारंभ



'सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में प्रयाग-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोलाघाट से टेढुई के बीच सड़क चौड़ीकरण परियोजना का शुभारंभ किया गया। विधायक विनोद सिंह ने 68 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना की आधारशिला रखी और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरुण कुमार, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह और राजेश पांडे की मौजूदगी में भूमि पूजन संपन्न हुआ। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि इस सड़क चौड़ीकरण का सपना उन्होंने बचपन से देखा था,जो वन विभाग और केंद्र सरकार के सहयोग से अब साकार हो रहा है। परियोजना के तहत अगले छह महीनों में यह सड़क फोरलेन जैसी चौड़ी हो जाएगी, जिससे यातायात सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# पटैला दरगाह पर दो दिवसीय उर्स सम्पन्न

## कव्वालों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के पटैला दरगाह पर बाबा मीर शाह ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय उर्स का समापन शानदार अंदाज में हुआ। इस मौके पर आयोजित महफ़िल-ए-शमा में कव्वालों ने अपनी सूफियाना प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।उन्नाव से आए मशहूर कव्वाल मोइन ताज चिश्ती ने अपने कलाम ।

ऐसे नारे पर हमारी कुर्बान सारी जिंदगी। पांच नारा पंजतन के, एक नारा हैदरी। पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं,कव्वाल महबूब ताज ने अपने कलाम।

मुसीबतों में यकीनन संभाल सकता है, वो खाली कासे में दरिया को डाल सकता है। पढ़कर महफ़िल को सूफियाना रंग में डुबो दिया। उर्स के समापन के अवसर पर दरगाह पर चादरपोशी की गई, जिसके बाद सूफियाना महफ़िल की शुरुआत हुई। यह आयोजन बाबा मीर शाह ट्रस्ट द्वारा हर साल आयोजित किया जाता है। इस साल भी इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लखनऊ, दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न जिलों और राज्यों से अकीदतमंदों ने आकर अपनी हाजिरी लगाई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दरगाह सैकड़ों वर्षों से श्रद्धा का केंद्र रही है। विशेष रूप से हर गुरुवार को यहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं। कहा जाता है कि दरगाह का संबंध जायस स्थित मदारी शाह की दरगाह से भी रहा है। इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दरगाह के खादिम इरशाद बाबा ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से हर साल की तरह इस साल भी उर्स का आयोजन सफल रहा।इस मौके पर सपा जिला सचिव मुस्तकीम खान, कारी हलीम, अनीस खान, अय्यूब अहमद, मोइन भाई, ननकू नेता (मोहर्रम अली), मेराज अहमद, सरवर भाई, मोहम्मद असलम, रहमान सिद्दीकी, मुसफीक अहमद सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तीन माह में राशन कार्ड धारक जरूर करा लें ई केवाईसी : डीएसओ

सुलतानपुर। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. के निर्देशानुसार राशन कार्ड लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराई जानी है। शासन के अनुसार ई-केवाईसी अभियान की निर्धारित समयावधि को अग्रिम 03 माह हेतु विस्तारित किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में समस्त राशन कार्ड धारक/लाभार्थी अपने परिवार के समस्त सदस्यों/यूनिटों की ई केवाईसी अग्रिम 03 माहों के भीतर उचित दर दुकान पर पहुँच कर ई-पॉश मशीन के माध्यम से अनिवार्य रुप से करा लें। जिससे भविष्य में राशन कार्ड धारक को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अपनी - अपनी उचित दर दुकान प्रत्येक समय खोलकर दुकान से सम्बद्ध समस्त अवशेष राशन कार्ड धारको/लाभार्थियो की समस्त यूनिटो/धारको का अनिवार्य रुप से अतिशीघ्र ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। विभागीय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। समस्त लाभार्थी नवीन समयावधि में अवश्य ई केवाईसी करा ले।

# सेल्हा बाबा का उर्स कराने को लेकर प्रधान ने एसडीएम से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत माधोटांडा के ग्राम प्रधान मोहम्मद नईम के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन उप अधिकारी को सौंपा ज्ञापन में कहा कि सेल्हा गांव के किनारे सैयद सेल्हा मियां की प्राचीन दरगाह है। इस दरगाह पर हर वर्ष आजादी से पहले से ही उर्स का आयोजन होता चला रहा है। मेले में जनपद के अलावा प्रदेश भर से श्रद्धालु आते हैं। यहां पर सभी धर्म के लोग की आस्था है। दरगाह कमेटी 80 के दशक से बरेली रजिस्टर कार्यालय से पंजीकृत भी है। हर वर्ष दरगाह कमेटी द्वारा प्रशासन की अनुमति से मेले का आयोजन भी कराया जाता है। पिछले वर्ष कमेटी ने कुछ सदस्यों द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने और मेले के दौरान गलत कृत किए जाने पर कमेटी से निष्कासित कर दिया था।उसके बाद निष्कासित सदस्यों ने सेल्हा गांव के कुछ लोगों को गुमराह कर मेला न लगे देने के लिए उसका दिया था। उसके बाद से लगातार प्रशासन को भी गुमराह किया जाने लगा है। उन्हें निष्कासित सदस्यों के ही बहकावे में आकर मात्र कुछ लोगों ही मेला लगने का विरोध करने लगे और अब भी प्रशासन से झूठी शिकायत कर रहे हैं। जबकि उनके द्वारा की जाने वाली शिकायतें बिल्कुल ही निराधार हैं।मेले का आयोजन हमेशा ही शांतिपूर्ण ढंग से किया जाता है। इसमें किसी प्रकार का कोई अवैध कृत नहीं होता है। मेले के दौरान कभी कोई शिकायत भी दर्ज नहीं हुई पिछले वर्ष गलत शिकायतों के आधार पर प्रशासन द्वारा मेला आयोजन की परमिशन नहीं दी गई थी। तब से श्रद्धालुओं को दरगाह पर जाने से भी रोका जा रहा है।मेला न लगनेऔर दरगाह पर जाने से रोके जाने पर क्षेत्र वासियों में काफी मायूसी है। निष्कासित सदस्यों द्वारा षड्यंत्र के चलते मेला आयोजन की परमिशन के लिए व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है और दरगाह पर जाने वाले लोगों को धमकाया भी जा रहा है। निष्कासित सदस्य और उनके लोग उर्स न होने देने की लगातार धमकी की दे रहे हैं।यह लोग षड्यंत्र के तहत सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। इसको लेकर क्षेत्र वासियों समेत प्रदेश भर के श्रद्धालुओं में रोज व्याप्त है। ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने मेला आयोजित करने की मांग की है।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया गया वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित प्रधान लिपिक शाखा,रिट सैल,आंकिक शाखा, सम्मेलन कक्ष, स्टोर,आदेश कक्ष,जीडी कक्ष,गणना कार्यालय,आर्मरी,क्वाटर गार्ड,परिवहन शाखा, वस्त्र भण्डार,आटा चक्की,गैस सर्विस ऑफिस एवं जन शिकायत प्रकोष्ठ का वार्षिक निरीक्षण किया हैं। एसपी ने प्रधान लिपिक कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण कर कार्यालय के अभिलेखों व पुलिसकर्मियों के चरित्र पंजिकाओं व विभिन्न अभिलेखों को चेक कर समस्त अभिलेखों एवं प्रपत्रों को अद्यावधिक कराये जाने तथा अभिलेखों का रखरखाव सही कराने के निर्देश दिए। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को शस्त्र व कारतूसों की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने जन शिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया गया तथा नियुक्त पुलिसकर्मियों से उनके कार्यों की जानकारी लेकर जनशिकायत पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयावधि में निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, प्रतिसार निरीक्षक,समस्त शाखा प्रभारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे है।

# दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बने मनजिंदर सिंह सिरसा पूरनपुर में जश्न का माहौल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। दिल्ली में 27 साल बाद फतह हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गदगद हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने के बाद दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली जिसमें राजौरी गार्डन में भगवा लहराने वाले मनजिंदर सिंह सिरसा भी हैं। सिरसा पहले अकाली दल में हुआ करते थे। अकाली दल को छोड़कर भाजपा की संस्था ग्रहण की है। और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें राजौरी गार्डन से बीजेपी उम्मीदवार बनाया जहां उन्होंने जीत हासिल कर विधायक बने। मनजिंदर सिंह सिरसा रेखा गुप्ता की ही तरह पहली बार विधायक निर्वाचित हुए और पहली बार में ही कैबिनेट मंत्री बने उनके मंत्री बनने की जैसे ही जानकारी पूरनपुर के रहने वाले रोटरी क्लब के अध्यक्ष सोनू छीना सहित अन्य को लगी तो उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है।

# लाभार्थियों ने नहीं कराया आधार प्रमाणीकरण तो रुक जाएगी पेंशन : जिला प्रोबेशन अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्रगति गुप्ता जिला प्रोबेशन अधिकारी पीलीभीत ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक ऐसी पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना जिनको धनराशि एक हजार मात्र प्रतिमाह के दर से तैमास पेंशन का भुगतान शासन द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में अन्तरित की जाती हैं। उन सभी महिलाओं को शासन द्वारा वर्ष 2022 से अपनी पेंशन में आधार प्रमाणीकरण कराया जाना प्रसतावित था। परन्तु अभी भी अनेकों महिलाओं के द्वारा आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया गया है।जिस कारण उनकी पेंशन का भुगतान शासन द्वारा नहीं हो पा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के समस्त लाभार्थियों का भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित किया गया है। निराश्रित महिला पेंशन योजना से जुड़े जिन लाभार्थियों के द्वारा अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग अपडेट नहीं करायी है। यथाशीघ्र सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर अपडेट करायें शासन द्वारा लाभार्थी के उसी बैंक खातें में पेंशन धनराशि अन्तरित की जायेगी जिस बैंक खाते से लिंक होगा एवं जिन लाभार्थियों के द्वारा अभी तक पेंशन पोर्टल में अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया है। वो लाभार्थी भी पेंशन पोर्टल में अपना आधार प्रमाणीकरण कराने हेतु अपनी बैंक पासबुक, आधारकार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर को जन सुविधा केन्द्र व अपनी पंचायत के रोजगार सेवक,पंचायत सहायक से सम्पर्क कर आधार प्रमाणीकरण करायें। ताकि लाभार्थी की पेंशन धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में अन्तरित कर लाभान्वित किया जा सके।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

पीलीभीत।पूरे जनपद से महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला लगातार जारी है।बीसलपुर पूरनपुर,जहानाबाद, अमरिया,मझोला, ललौरीखेड़ा, मरौरी,बरखेड़ा, बिलसडा सहित जनपद के कई नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद और विकासखंड से ग्रामीण लगातार बसों के द्वारा रेलगाड़ी के सात ही अपने अपने निजी वाहन से लगातार महाकुंभ प्रयागराज में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।पूरनपुर विकासखंड में लेखाकार के पद पर तैनात मनीष माहेश्वरी ने अपनी टीम के साथ जिनमें मुख्य रूप से गोविन्द मिश्रा, धर्मेंद्र सहित अन्य लोगों ने महा कुंभ में आस्था की डुबकी लगाई है।

# सैनिक स्कूल अमेठी में अंतर हाउस ड्रिल प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । सैनिक स्कूल अमेठी में अंतर हाउस ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उसके कैडेटों के अनुशासन, समन्वय और सटीकता का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में चार हाउसों कोहिमा, नौशेरा, जोजिला और हाजीपीर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्रह कठोर निर्णायक मापदंडों पर प्रतिस्पर्धा की। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त विंग कमांडर अखिलेश पाण्डेय ने भी भाग लिया जिन्होंने कैडेटों की समर्पण और टीम वर्क की सराहना की।प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने समन्वयपूर्ण चाल, त्रुटिहीन अनुशासन और उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। एक गहन और करीबी मुकाबले के बाद, ज़ोजिला सदन चैंपियन बनकर उभरा जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया।उसके बाद नौशेरा दूसरे स्थान पर रहा। प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जोड़ते हुये प्रत्येक सदन से दो कैडेटों ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिलर के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। उनमें से कैडेट निर्मल यादव ने ड्रिल की सटीकता के असाधारण प्रदर्शन के साथ सबसे अलग खड़े हुए और उन्हें सर्वश्रेष्ठ ड्रिल परफॉर्मर (लड़कों) का खिताब दिया गया, लड़कियों में कैडेट श्रेया यादव सर्वश्रेष्ठ ड्रिल परफॉर्मर रहीं। कैडेट पर्व सिद्धू को सर्वश्रेष्ठ ड्रिल कमांडर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुये सेवानिवृत विंग कमांडर अखिलेश पाण्डेय ने कैडेटों के प्रयासों की प्रशंसा की और अनुशासन और नेतृत्व को बढ़ावा देने में ड्रिल प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। स्कूल प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कैडेट प्रशिक्षण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सैनिक स्कूल अमेठी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करके उत्कृष्टता की अपनी विरासत को कायम रखता है तथा अपने कैडेटों में अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता के मूल्यों को सुदृढ़ करता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया उड़ान वार्षिक उत्सव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के माधोटांडा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उड़ान वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है।जिसमें मुख्य रूप से अतिथि पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे रहे नगर के सभी सम्मानितजनों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्चन कर हवा में गुब्बारे को उड़ाकर उड़ान उत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना बाल गणेश पार्वती के नंदन बनकर बच्चों ने खूब नृत्य किया जिस पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने बच्चों की खूब सराहना की बच्चों के द्वारा की गई मोबाइल सॉन्ग की प्रस्तुति पर मौजूद पत्रकारों ने भी बच्चों की खूब तारीफ की भीम भांगड़ा स्वागत गीत कठपुतली नृत्य पूर्व से जब सूरज निकले माता अहिल्याबाई नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए शाम 6:00 बजे से लेकर देर शाम तक कार्यक्रम जारी रहा कार्यक्रम का संचालन राजीव मोहन अग्रवाल व कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की तैयारी में जुटी शिक्षिकाएं सूर्य वाला शर्मा, नूतन गुप्ता,रजनी वर्मा ,अन्यया शुक्ला,सोनाली गुप्ता ने करायी बच्चों के साथ-साथ अभिभावक गणों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम में पूरनपुर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, संघ चालक ओमप्रकाश गंगवार बरेली विभाग ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए मार्गदर्शन किया प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा और अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की कार्यकारिणी सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी व समाजसेवी के साथ-साथ अभिभावक गण मौजूद रहे हैं।

## टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा ने अध्यक्ष एव जिला अधिकारी पीलीभीत के दिशा निर्देशन में ग्राम रघुनाथपुर में 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक्सरे तथा बलगम की जांच करी गई क्षय रोग पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक्सरे किया गया उक्त कार्यक्रम में रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स का भी विशेष सहयोग रहा।रेड क्रॉस सोसाइटी के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया सरकार के द्वारा टीबी की रोगी को खोजने और उन्हें जल्द से जल्द इलाज देने और टीबी के द्वारा मृत्यु दर को कम किये जाने के लिए यह 100 दिवसीय अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है।इस कैंप में लगभग सौ लोगों से ज्यादा का एक्सरे करा गया कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया,विद्यालय प्रधानाचार्य, एक्सरे टीम,मुकेश कुमार,धीरेन्द्र सिंह,सुमन यादव,आशा संगिनी,प्रीति एएनएम,रुचि, सीएचओ एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा हैं।

## नहर में युवती का शव मिलने से फैली सनसनी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव विराज के पास जौनपुर शाखा नहर में गुरुवार की सुबह एक अज्ञात युवती का शव नहर में उतराता मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है फिलहाल शव की शिनाख्त नही हो सकी है। थाना क्षेत्र के विराज गांव के पास नहर में गुरुवार की सुबह एक युवती का शव ग्रामीणों को उतराता दिखा जिसे देखकर ग्रामीण दंग रह गये और स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश सिंह मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मृतक युवती की उम्र लगभग तीस वर्ष रही होगी।युवती की शिनाख्त नही हो सकी है युवती की शरीर पर लाल साड़ी और पीला ब्लाउज था।उन्होंने कहा कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि युवती की मौत कैसे हुई है।

## इन्हौना पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना पुलिस ने साधन सहकारी समिति कोटवा के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक छवि नाथ यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान नौशाद अली पुत्र स्वर्गीय रहमत अली निवासी कोटवा थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब अड़तीस वर्ष को ग्राम सहकारी समिति कोटवा के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया।

# एसडीएम तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का किया समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत संचालित एस डी शिक्षण संस्थान इसौली रोड पारा आलियाबाद में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन बृहस्पतिवार को एसडीएम गामिनी सिंगला( आईएएस) के द्वारा 110 बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ एसडीएम गामिनी सिंगला व शिक्षण संस्थान उप प्रधानाचार्य अर्पणा के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात शिक्षण संस्थान व पत्रकार एकता संघ/मानवाधिकार संरक्षण टीम के द्वारा एसडीएम गामिनी सिंगला को प्राकृतिक सीनरी देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा तैयार कैम्प व बिना बर्तन तैयार भोजन का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन कर आवश्यक सुझाव दिया गया। प्रशिक्षक वीर विक्रम सिंह व सहायक प्रशिक्षक निखिल पाल के द्वारा प्रशिक्षण के कुछ क्रियाकलाप बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि एसडीएम गामिनी सिंगला( आईएएस) के सामने प्रस्तुत कराया गया। एसडीएम गामिनी सिंगला ने अपने संबोधन में बच्चों को टिप्स देते हुए कहा कि व्यवस्थित जीवन शैली में स्काउट गाइड प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी है। पत्रकार एकता संघ व मानवाधिकार संरक्षण वरिष्ठ जिला महामंत्री राजदेव यादव ने कहां कि इस प्रशिक्षण से बच्चे अनुशासित होते हैं ।तहसील अध्यक्ष पवन कुमार व पत्रकार बब्बन वर्मा ने बच्चों की इस कला की प्रशंसा की। इस मौके पर अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल, प्रबंधक संदीप द्विवेदी, प्रधानाचार्य कमाल अख्तर, संस्थापक एच एम द्विवेदी, लिपिक मुकेश पाठक, राजेश मिश्रा, शशी, आस्मा, निधि, गुल्फाम, सुषमा खुशनुमा, आसमा, साहिदा सहित समस्त स्टाफ व अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित रहे ।

# योगी सरकार ने 6 करोड़ लोगों को निकाला गरीबी रेखा से बाहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9 वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी सरकार के इतिहास का सबसे बड़ा आठ लाख,आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। बजट की प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा यह बजट सनातन संस्कृति की 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है।यह बजट यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाएगा।उन्होंने कहा पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। पूर्व जिलाध्यक्ष,भूमि विकास बैंक के चैयरमेन गिरीश नारायन सिंह ने कहा इस बजट में सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग व हर क्षेत्र पर फोकस किया गया है। काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित है।आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने यूपी बजट की सराहना करते हुए कहा बजट में शिक्षि, स्वास्थ्य, कृषि के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर फोकस किया है। वही कलेक्ट्रेट के सामने यूपी बजट पर चर्चा करते हुए सहकारी बैंक के डायरेक्टर अजय सिंह लीडर व किन्नू तिवारी, रमेश उपाध्याय, देवेन्द्र प्रताप सिंह व श्याम बहादुर सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट यूपी के चौतरफा विकास की गारंटी है।

बजट में युवाओं को 92 हजार नई नौकरी, व्याज मुक्त लोन आदि से प्रदेश का युवा सशक्त व आत्मनिर्भर होंगा। लोगों ने कहा प्रदेश में 58 जिलों में 400 करोड़ से स्मार्ट शहर विकसित किए जाएंगे। इसी के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक 'उत्सव भवन' बनाया जाएगा।

# त्यौहारों को परम्परागत तरीके से मनाते हुये कोई नई परम्परा न डालें : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये डीएम व एसपी ने पीस कमेटी की किया बैठक

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, रमजान, होली व अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद के अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जनपद अमेठी में सभी त्योहारों को आप लोगों ने मिलजुल कर मनाया है कहीं पर भी किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है आप सभी ने अमेठी में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल को कायम रखा है इसी प्रकार अब आने वाले सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने,फैलाने से रोकें तथा कोई भी चीज को बगैर समझे शेयर ना करें, कोई भी ऐसा कृत ना करें जिससे किसी भी समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचे, सभी त्योहारों को परंपरागत तरीके से ही मनाएं, कोई नई परंपरा ना डालें। त्योहारों के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के लोगों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अपने आसपास के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने के लिए प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि होली में रंग लगाने के दौरान व्यक्तियों की धार्मिक मान्यता और इच्छाओं का भी ध्यान रखें, त्योहारों में मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत बिजली की व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कहीं पर भी बिजली की कटौती न की जाए, तथा जुलूस व होलिका दहन वाले स्थानों पर ढीले तार आदि ना हो इसका निरीक्षण कर कार्यवाही करें, अधिशासी अभियंता लोनिवि को जूलुस व मंदिरों तक जाने वाली सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों, मंदिरों एवं अन्य स्थानों की साफ सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को तथा शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सभी मंदिरों के आसपास एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम तथा सीएचसी, पीएससी में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति आदि सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा विभाग को त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर दुकानों व प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को जनपद में कहीं पर भी अवैध शराब का निर्माण, संचयन व बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का दुष्प्रचार नहीं करेगा और ना ही कोई अफवाह फैलाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों में माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डीएम व एसपी ने उपस्थित सभी लोगों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सम्भ्रांत नागरिक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बचपन पर भारी स्मार्टफोन

तकनीक के जरिये विकास की अंधी दौड़ में हम बहुत कुछ खो भी रहे हैं। इंसान कभी मशीन से संचालित नहीं हो सकता। मानवीय संवेदनाएं और अहसास कभी कृत्रिम नहीं हो सकते। दूसरे शब्दों में कहें तो कोई तकनीक, मशीन व उपकरण सहयोगी तो हो सकते हैं, मगर मालिक नहीं हो सकते। कमोबेश यही बात शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर कही जा सकती है। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नई शैक्षिक परिपाटी में मोबाइल की अपरिहार्यता को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं खड़ी कर रहा है। निस्संदेह, विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। तब लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही है। जाहिरा तौर पर ये उनके भटकाव और मानसिक विचलन का कारण भी बन सकता है। अब इसके मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों पर व्यापक स्तर पर बात होने लगी है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया समेत तमाम विकसित देश स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगा रहे हैं। अब तो यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की दुनिया में शैक्षिक स्थिति पर नजर रखने वाली टीम ने भी स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इसकी रिपोर्ट भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाली है। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ कदमताल की दलील देकर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके निरंकुश प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में बेलगाम इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। जिसमें प्रश्न बच्चों की निजता का भी है। वहीं प्रश्न ज्यादा प्रयोग से बच्चों के दिमाग व शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का भी है। निस्संदेह, शिक्षकों व अभिभावकों की देखरेख में सीखने की प्रक्रिया में स्मार्टफोन का सीमित उपयोग तो लाभदायक हो सकता है। लेकिन इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है। ऐसे में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित किया जाना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। निश्चित तौर पर फोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन उनके दिमाग को नियंत्रित करने वाला नहीं।

# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे में

**सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है।**

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है। भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है। बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की ज़रूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज़, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती ज़रूरतों को भी दर्शाया। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन सबकुछ इसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे छात्रों की स्वतः स्फूर्त मेधा कुंद होने का खतरा है। छात्र जीवन को तकनीक का वन नहीं, बल्कि पुरुषार्थ और प्रतिभा का उपवन बनाये। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परन्तु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है, जिसका अधिकाधिक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। -ललित गर्ग



# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

**रमेश सर्राफ धमोरा**

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

## सेहत मंत्र

# खाने का फ्लेवर बढ़ाने वाली छोटी इलायची एसिडिटी और टेंशन करती है दूर

छोटी इलायची खाने से फ़ेफड़ों (लंग्स) में ब्लड सर्कुलेशन तेज़ी से होता है जिससे अस्थमा, तेज ज़ुकाम और खांसी से राहत मिलती है। इलायची की तासीर गर्म मानी जाती है इसलिए इसे खाने पर शरीर को गर्मी मिलती है। छोटी इलायची का इस्तेमाल गरम मसाले के रूप में सब्ज़ी का स्वाद और खुशबू बढ़ाने के साथ ही मिठाई और खीर का फ्लेवर बढ़ाने के लिए भी किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि खाने का स्वाद बढ़ाने वाली छोटी इलायची आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। रोज़ाना 2-3 इलायची खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। छोटी इलायची खाने से फ़ेफड़ों (लंग्स) में ब्लड सर्कुलेशन तेज़ी से होता है जिससे अस्थमा, तेज ज़ुकाम और खांसी से राहत मिलती है। इलायची की तासीर गर्म मानी जाती है इसलिए इसे खाने पर शरीर को गर्मी मिलती है। आजकल लोगों को हाई ब्ल्ड प्रेशर की समस्या बहुत हो रही है। छोटी इलायची इस परेशानी को दूर करके आपके बल्ड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करती है। रोज़ाना 2-3 इलायची खाने से हाई बीपी की समस्या नहीं होगी। यदि आप भी अक्सर मुहांसों से परेशान रहते हैं, तो रोजाना रात को सोने से पहले गर्म पानी के साथ एक इलायची खाएं। इससे मुहांसों के साथ ही त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं भी दूर हो जाएंगी। छोटी इलायची पेट की बीमारियों को भी दूर रखती है। यदि आपको कब्ज है तो छोटी इलायची खाएं। सुबह खाली पेट एक इलायची गुनगुने पानी के साथ खाने से पेट की समस्या के साथ ही बाल झड़ने की परेशानी भी दूर हो जाएगी। अगर आप भी नींद न आने की वजह से नींद की गोलियां खा रहे हैं तो उसे बंद करके इलायची खाना शुरू कर दें। रोजाना रात को सोने से पहले इलायची को गर्म पानी के साथ खाएं। इससे अच्छी नींद आएगी और गोलियों की तरह इसका कोई साइड इफ़ेक्ट भी नहीं होता। इलायची में तेल होता है और यही एसेंशियल ऑयल पेट की अंदरुनी लाइनिंग को मजबूत करता है जिससे पेट में जमा होने वाला एसिड धीरे-धीरे हट जाता है।

## धर्म मंत्र

# बुध ग्रह की शांति के लिए करें बुधवार को गणपति की पूजा इन मंत्रों के साथ

श्रीगणेश की पूजा का विशेष दिन है बुधवार, इस दिन स्नानादि करके शुद्ध होने के बाद श्रीगणेश को सिंदूर, चंदन, यज्ञोपवीत, दूर्वा, लड्डू या गुड़ से बनी मिठाई का भोग लगाते हुए, धूप और दीप से आरती करते हुए उनका पूजन करें। उसके पश्चात इस मंत्र का जप करें। प्रातर्नमामि चतुराननवन्द्यमानमिच्छानुकूलमखिलं च वरं ददानम्, तं तुन्दिलं द्विरसनाधिपयज्ञसूत्रं पुत्रं विलासचतुरं शिवयोः शिवाय। प्रातर्भजाम्यभयदं खलु भक्तशोकदावानलं गणविभुं वरकुञ्जरास्यम्, अज्ञानकाननविनाशनहव्यवाहमुत्साहवर्धनमहं सुतमीश्वरस्य। इसका अर्थ है कि इस मंत्र का अर्थ यह है कि मैं ऐसे देवता का पूजन करता हूं, जिनकी पूजा स्वयं ब्रह्मदेव करते हैं। ऐसे देवता, जो मनोरथ सिद्धि करने वाले, भय दूर करने वाले, शोक का नाश करने वाले, गुणों के नायक, गजमुख, और अज्ञान का नाश करने वाले हैं। मैं शिव पुत्र श्री गणेश की सुख-सफलता की कामना से भजन, पूजन और स्मरण करता हूं। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में बुध ग्रह अशुभ स्थिति में हो तो बुधवार को बुध ग्रह की शांति के लिए भी पूजा की जाती है। इसके अतिरिक्त मनचाहे धन और लाभ की प्राप्ति के लिए भी गणेश जी के चित्र या मूर्ति के आगे 'संकटनाशन गणेश स्तोत्र' के 11 पाठ करें, जो इस प्रकार है। गं गणपत्ये नमः, श्री संकटनाशनगणेशस्तोत्रम्प्र णम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम। भक्तावासं स्मरेन्नित्यं आयुःकामार्थसिद्धये, प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्। तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम्, लम्बोदरं पञ्चमं च षष्ठं विकटमेव च।

## पर्यटन



# रफ्तार भरी जिंदगी में सुकून से दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है तीर्थन वैली

हिमाचल की बहुत ही खूबसूरत और शांत तीर्थन वैली ऐसी जगह है जिसके लिए आपको एक महीने पहले प्लानिंग करने की जरूरत नहीं। दो से तीन दिन का वक्त काफी है तीर्थन वैली के हर एक नज़ारे को यादों में कैद करने के लिए। पूरी घाटी घूमने के बाद ये कहना सही रहेगा कि अगर आप किसी ऐसी जगह वीकेंड मनाना चाह रहे हैं जो आपकी भागदौड़ भरी जिंदगी को थोड़ा रिलैक्स करें तो तीर्थन बेस्ट ऑप्शन है। पहाड़ों और उन पर जमी बर्फ का नज़ारा तो न जाने कितनी ही दफा देखा होगा लेकिन यहां कुछ अलग ही था। इसे ही एक्सप्लोर करने के लिए तैयार होकर हम चल दिए अपने पहले डेस्टिनेशन की ओर, जो था... जिभी वॉटरफॉल- शायद बारिश के दिनों में वॉटरफॉल की खूबसूरती अपने चरम पर होती होगी ऐसा देखकर लगा। पहाड़ों से गिरते झरने खूबसूरत तो लगते ही हैं लेकिन उनकी तेज़ रफ्तार वाली धार को देखने का अलग ही मजा और उत्साह होता है। इसे देखना तो बनता है। यहां पहुंचने का रास्ता भी बहुत ही शानदार है ऐसा लगता है जैसे रास्तों पर बर्फ की चादर बिछी हुई है। बीच में जमी हुई झील और उसके चारों ओर बर्फ ही बर्फ और ऊंचाई पर बना एक मंदिर। कुछ ऐसा होता है यहां का नजारा। यहां बैठकर कैसे आपका समय बीत जाएगा इसका अंदाजा आपको घड़ी देखने के बाद ही लगेगा। चैहणी गांव- अगले दिन शाम को दिल्ली के लिए रवाना होना था तो सुबह का वक्त हमने यहां के चैहणी गांव घूमने का प्लान बनाया। सुना था छोटा लेकिन बहुत ही खूबसूरत गांव है और वाकई बिल्कुल वैसा ही पाया। यहां एक चैहणी कोठी है। लकड़ी से बनी ये कोठी तकरीबन 1500 साल पुरानी है। जो कभी कुल्लू के राजा राणा ढ़ाढियां का निवास हुआ करता था। 15 मंजिला ये इमारत 1905 में आए भूकंप के बाद बस 10 मंजिला ही रह गई है। ये कोठी जो पूर्वी हिमालय क्षेत्र की सबसे ऊंची कोठी है। कब जाएं- तीर्थन वैली जाने का सबसे सही समय मार्च से जून के बीच होता है तो शिवरात्रि वाले लॉन्ग वीकेंड में आप यहां जान की प्लानिंग कर सकते हैं। पूरी घाटी फूलों और फलों से सजी हुई नज़र आती है। साथ ही मौसम भी इतना सर्द नहीं होता।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने विभागीय रैंक में सुधार लाने के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के सम्बन्ध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को 108 एम्बुलेंस सेवा में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों में आपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी के मामले में प्रगति कम रहने पर सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता से किया जाए जिससे अधिक से अधिक लोगों की फैमिली आईडी बनाई जा सके। पर्यटन विभाग को कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। ग्रामीण स्टेडियम में ओपेन जिम




निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत पूर्व दशमोत्तर एवं दशमोत्तर छात्रों की छात्रवृत्ति के सम्बंध में जानकारी ली। यूपी नेडा विभाग, हार्टिकल्चर, बिजली विभाग, कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मनरेगा, दुग्ध विभाग, दिव्यांग पेंशन, 15 वां वित्त के कार्यो को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग, सिचाई विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को आपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए। सेतु निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु लोक निर्माण विभाग को

**अधिकारी योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये : जिलाधिकारी**

**डीएम ने डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य अपडेट रखने के दिये निर्देश**

निर्देशित किया। सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सहकारिता, युवा स्वरोजगार आदि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों यथा ऊर्जा विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रतिभाग न करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री काव्या सी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, पर्यटन अधिकारी, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**अधिकारी योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये : जिलाधिकारी**

बाराबंकी, जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाये और लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे आम-जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके।

सीएम-डैशबोर्ड की रैंक में सुधार लाने के दिये निर्देश

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में आपेक्षित सुधार लाएं, जिससे जिले की ओवर ऑल रैंकिंग और बेहतर हो सके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बी, सी, डी व ई रैंक वाले विभाग महीने के अंत तक सुधार लाना सुनिश्चित करें।

**अपडेट रखे डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य**

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए। किसी भी विभाग का कार्य पेंडिंग न रहने पाए।

## छह साल से फरार दुष्कर्म का आरोपित सौतेला पिता हरियाणा से गिरफ्तार

मुरादाबाद । मुरादाबाद के थाना नागफनी पुलिस ने छह साल से फरार दुष्कर्म के आरोपित सौतेले पिता रमेश (काल्पनिक नाम) को बीती रात्रि हरियाणा से गिरफ्तार किया है। उस पर सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उसे गिरफ्तार करने के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने गुरुवार को बताया कि वर्ष 2019 में नागफनी थाने में थानाक्षेत्र निवासी रमेश पुत्र सेवाराम (काल्पनिक नाम) पर मारपीट और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित भाग गया था। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की भी कर चुकी है। इस मामले में पुलिस उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है। इसके बाद भी आरोपित ने कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं किया था।

# आधार सुधार केंद्र का औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थित आधार करेक्शन सेंटर का गुरुवार को अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार व देवेन्द्र वर्मा सचिव के साथ केंद्र का दौरा किया।सहायक विकास अधिकारी ने केंद्र के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। उन्होंने सभी आने वाले



लोगों के आधार संशोधन सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने भीड़ की समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। शम्भूनाथ पाठक ने बताया कि केंद्र का आवश्यक निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

## एडीओ पंचायत के निर्देश पर चलाया सफाई अभियान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामपुर भवानीपुर ग्राम पंचायत में सहायक विकास अधिकारी शंभूनाथ पाठक के निर्देश पर ग्राम प्रधान नियाज अंसारी के नेतृव में सफाई अभियान चलाया गया। गांव में कई स्थानों पर लगे बड़े-बड़े कूड़े के ढेर को जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से हटाया गया। सफाई कर्मचारियों की टीम ने पूरे गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया। प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी ने बताया कि गांव में व्यापक स्तर पर सफाई की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे कूड़ा सड़क किनारे या नालियों में न फेंके। गांव को स्वच्छ रखने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कर्मचारी घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि सभी ग्राम प्रधानों को गांव में साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए और आरआरसी सेंटर को भी संचालित करवाया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 109 जोड़ी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में आज वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 108 हिन्दू तथा 01 मुस्लिम, कुल 109 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम बैजनाथ रावत, अध्यक्ष अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती राजरानी रावत अध्यक्ष जिला पंचायत, सम्बन्धित अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत सहित अन्ना सुदन मुख्य विकास अधिकारी, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी हैदरगढ़, श्रीमती सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रीमती अभिलाषा



त्रिपाठी जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम, समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अध्यक्ष अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। मा0 अध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि जिन गरीब व्यक्तियों द्वारा कभी सोंचा भी नहीं होगा कि इतने भव्य कार्यक्रम में उनकी पुत्री का विवाह सम्पन्न होगा, आज उनका सपना साकार हो रहा है और यही नहीं बल्कि इसने भव्य आयोजन के साथ साथ प्रदेश एवं जनपद के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों एवं जनपद के उच्चाधिकारियों द्वारा उन्हें आशीर्वाद भी प्रदान किया जा रहा है, उनके लिए यह अत्यन्त हर्ष एवं गर्व का दिन है।

सभी नवविवाहित युगलों एवं उनके परिवारजनों को इसके लिए बहुत बहुत बधाई देता हूँ। अध्यक्ष द्वारा श्रीमती सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी की प्रसंशा की गई।

## सांसद तनुज पुनिया का कृषि मंत्री को पत्र

बाराबंकी।सांसद तनुज पुनिया ने आज प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को जनपद के खरबूजा किसानों को इसका बीज न मिलने की समस्या पर पत्र लिखकर किया है।जनपद के खरबूजे की खेती करने वाले किसानों को बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की समस्या जिला प्रशासन के बस के बाहर की बात है। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री इस गम्भीर प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप करके खरबूजे की खेती करने वाले किसानों को आवश्यकता के अनुसार बीज उपलब्ध कराकर इसकी खेती पर आये संकट की समस्या का निराकरण कराकर किसानों को कालाबाजारी से बीज खरीदने से निजात दिलाये।सांसद तनुज पुनिया ने कृषि मंत्री को प्रेषित पत्र में लिखा है कि, विगत वर्षों से जनपद के अधिकतर किसान अधिक लाभ के लिये खरबूजे की खेती करते चले आ रहे हैं। लेकिन इस वर्ष उनकी आवश्यकता के अनुसार खरबूजे का बीज न मिलने के कारण इसकी खेती करने वाले किसानों के चेहरों पर मायूसी छायी है। प्राथमिकता के आधार पर जनपद में खरबूजे के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये, जिससे समय रहते किसान अपनी खरबूजे की खेती कर सके और उसको बीज के लिये मजबूर न होना पड़े।

## विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर चाचू सराय निवासी शिवप्रकाश की पत्नी शिवानी वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया ।मृतका के पिता राजदेव वर्मा ने सूर्यप्रकाश वर्मा समेत ससुराली जनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या का आरोप लगाया है।थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फांसी के फंदे पर झूला युवक

बनीकोडर बाराबंकी। कोतवाली रामसनेहीघाट की हथौंधा चौकी क्षेत्र के गांव मेडुवा निवासी अतुल कुमार द्विवेदी 38 वर्ष पुत्र राम भरोसे ने बुधवार की देर शाम घर के कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पति-पत्नी का विवाद बताया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

## पिपराइच चीनी मिल में अब चीनी के साथ एथेनॉल का भी होगा उत्पादन

गोरखपुर । सल्फरलेस चीनी का उत्पादन करने वाली पिपराइच चीनी मिल आने वाले दिनों में एथेनॉल का भी उत्पादन करेगी। एथेनॉल उत्पादन के लिए पिपराइच चीनी मिल में डिस्टिलरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए गुरुवार को योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 90 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर दी है। इस डिस्टिलरी की उत्पादन क्षमता 60 किलो लीटर प्रति दिन होगी। एथेनॉल उत्पादन होने से किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान और त्वरित हो सकेगा।

पिपराइच में 1932 में एक निजी क्षेत्र की चीनी मिल लगाई गई थी। 1974 में उसका अधिग्रहण हुआ लेकिन मिल 1999 में बंद हो गई। बंद मिलों को चलाने के लिए बतौर सांसद योगी आदित्यनाथ हमेशा आवाज बुलंद करते रहे। पर, तत्कालीन सरकारें इस जनसरोकारी मुद्दे पर आंख मूंदे रहीं। 2017 में सूबे की कमान संभालने के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने बंद मिल के परिसर में ही नई चीनी मिल की सौगात देकर किसानों का दिल जीत लिया। 17 नवंबर 2019 को उन्होंने रिकार्ड अवधि में मिल लगवाकर पेराई सत्र का शुभारंभ भी कर दिया। यह मिल गन्ने से चीनी बनाने के साथ ही उसके बाई प्रोडक्ट से बिजली भी पैदा करती है। सीएम योगी ने 9 दिसंबर 2020 को पिपराइच चीनी मिल में सल्फरलेस चीनी प्लांट का भी लोकार्पण कर इसे मॉडल मिल बना दिया। इस मिल की क्षमता प्रतिदिन 50 हजार क्विंटल गन्ना पेराई की है जो पुरानी चीनी मिल से छह गुना अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिपराइच चीनी मिल में डिस्टिलरी लगाने की बात पहले ही कह चुके थे। गुरुवार को प्रदेश सरकार के बजट में 60 किलो लीटर प्रति दिन की क्षमता वाले डिस्टिलरी प्लांट के लिए 90 करोड़ रुपये प्रावधानित किया गया है। यहां गन्ने के रस से सीधे एथेनॉल बनाने वाले प्लांट की स्थापना की जा सकती है।

# नहीं उठा 108 टोल फ्री नंबर, ठेलिया से अस्पताल पहुंचा मरीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिद्धौर बाराबंकी। सरकार की महत्वकांक्षी एम्बुलेंस सेवा इन दिनों बे पटरी हो गई है टोल फ्री 108 पर फोन न उठने के चलते मरीज ठेलिया से अस्पताल पहुंच रहे है । जानकारी के अनुसार गुरुवार को कुबेर पुरवा निवासी भगवती प्रसाद की मां कि अचानक तबियत बिगड़ी भगवती प्रसाद ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर फोन करवाया लेकिन काफी देर के बाद भी फोन रिसीव नहीं हुआ जिसके चलते भगवती प्रसाद और उसकी पत्नी अपनी मां को ठेलिया पर लाद कर ही इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंच गए जहां डॉक्टर ने जांच कर दवाई दी और पूछा की एंबुलेंस को फोन नहीं किया था जिस पर उन्होंने ने बताया लगभग 15 मिनट तक लगातार फोन मिलाया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ उसके बाद अपनी मां



को ठेलिया से ही चला आया भगवती प्रसाद का आरोप है की पहली बात तो जल्दी फोन नहीं उठाया जाता है और जब उठ भी जाता है तो एंबुलेंस आने में घंटो लग जाते हैं जिसके कारण मां की हालत को देखकर वह ठेलिया से ही लेकर अस्पताल पहुंच गया जहां उसने इलाज कराया और मां के हालात में अब सुधार है।

# शिक्षक नेता ने की सराहनीय शैक्षाणिक क्षेत्र में होगी उन्नति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कार्यरत शिक्षक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं ब्लाक सिरौलीगौसपुर अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने योगी सरकार क बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस बजट से विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी होंगी। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प होगा। शिक्षण कार्य के लिए बेहतर माहौल तैयार होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने का फैसला किया है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।पीएम श्री विद्यालयों में स्मार्ट शिक्षा



**इस बजट से विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी होंगी**

के लिए 580 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल में बदलने के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव घरेलू कलह की चर्चा

रामसनेहीघाट बाराबंकी। रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के मेडुवा गांव में एक 33 वर्षीय युवक फांसी के फंदा से लटकता मिला।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को मेंडुवा गांव में अतुल कुमार द्विवेदी पुत्र राम भरोसे उम्र 33 वर्ष शाम को अपने कमरे में दरवाजा बंद कर फांसी लगा लिया था।घर वालों को जानकारी होने पर परिजन जिला चिकित्सालय बाराबंकी ले गए।जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।उसके उपरांत परिजन मृतक का शव लेकर गांव आ गए गांव आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही की।घटना के पीछे पति-पत्नी के मध्य खाना बनाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। मृतक के तीन बच्चे रोहित द्विवेदी उम्र 8 वर्ष अभिनव द्विवेदी उम्र 7 वर्ष रिद्धि द्विवेदी उम्र 1 वर्ष है।वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन आएगा : मौलाना खालिद रशीद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सुन्नी धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा है कि शिक्षा एक मजबूत हथियार है। जिसके जरिए समाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। बच्चों की बेहतर शिक्षा की जिम्मेदारी उनके माता-पिता पर होती है।अगर युवा पीढ़ी शिक्षित होगी तो समाज में बड़ा बदलाव आएगा और तमाम प्रकार की बुराइयां दूर होगी। हमें अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए। वरिष्ठ धर्मगुरु मौलाना खालिद अहमदपुर चौकी में बुधवार रात आयोजित जलसा तकमील ए कुरआन व पुरस्कार वितरण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में तमाम प्रकार की बुराइयों ने जन्म ले लिया है जिनका मुख्य कारण हमारा शिक्षा से दूर होना है। समाज में परिवर्तन लाने के लिए हमें पहले



खुद को बदलना होगा। मोहम्मद साहब का जीवन हम सबके लिए मार्गदर्शन है,हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर ही दुनिया व आख़िरत में कामयाब हो सकते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लाम धर्म हमें इस बात की शिक्षा देता है कि हम अपने पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार करें वह चाहे किसी भी धर्म का मानने वाला हो। हम अपने अखलाक और किरदार ऐसे बनाएं कि लोग हमसे प्रभावित हो। मुफ्ती नजीब कासमी फतेहपुर ने कहा कि कुरआन हमारी हिदायत के लिए दुनिया में उतारा गया है। हम कुरान को पढ़ें और उसको समझ कर अपने जीवन में बदलाव लाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि कुरान कयामत तक अपनी असली हालत पर बाकी रहने वाली किताब है जिसकी हिफाजत की जिम्मेदारी अल्लाह ताला ने खुद ली है इसमें किसी प्रकार की तब्दीली की गुंजाइश नहीं।

**मोहम्मदपुर चौकी में आयोजन अतिथि सम्मानित**

जलसे की सदारत कारी मो. खलीक इमाम मोहम्मदपुर ने की और संचालन कारी इमाम अली ने किया। जलसे का आग़ाज़ कारी मो.लुकमान की तिलावत से हुआ।नात पाक कारी गुफरान ने पेश की। जलसे में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।वहीं अतिथियों को प्रधान शोएब,पूर्व प्रधान अब्दुल सत्तार,पूर्व प्रधान कलाम खान व शमशाद आलम राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीयत उर राईन द्वारा शाल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मौलाना सूफियान निजामी,मौलाना अब्दुल लतीफ,हाजी अब्दुल कय्यूम,बदरुद्दीन,आबिद शेख,मो.अनस,मो.रिज़वान सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।

## खेल /बिजनेस

# देश के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा समूह अदाणी की दोहरे अंकों में वृद्धि बरकरार

एजेंसी




नयी दिल्ली। सीमेंट और खनन क्षेत्र में कारोबार करने वाले देश के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा समूह 'अदाणी' ने बाहरी चुनौतियों के बावजूद दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि जारी रखी है। कंपनी बयान के अनुसार, कैलंडर वर्ष 2024 में कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) 86,789 करोड़ रुपये रही जो सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। केवल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ही कर पूर्व आय 17.2 प्रतिशत बढ़कर 22,823 करोड़ रुपये हो गई। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के तहत उभरते व्यवसाय जैसे सौर व पवन विनिर्माण और हवाई अड्डे इस वृद्धि की मुख्य वजह रहे। ये व्यवसाय एईएल के बुनियादी ढांचे का हिस्सा हैं। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर इनमें 45 प्रतिशत और पिछले 12 महीने की अवधि में 33.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समूह का करीब 85 प्रतिशत लाभ इसके बुनियादी ढांचा व्यवसायों, विशेषकर उपयोगिताओं और परिवहन से आता है।

# पीएनबी ने खुदरा ऋण दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने आवास व वाहन ऋण सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की बृहस्पतिवार को घोषणा की। पीएनबी ने बयान में कहा, संशोधित दरें आवास ऋण, कार ऋण, शिक्षा व व्यक्तिगत ऋण सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों पर लागू होंगी जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ग्राहकों को विविध वित्तपोषण विकल्प मिलते रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पांच वर्षों के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर (वह दर जिस पर बैंक केंद्रीय बैंक से उधार लेते हैं) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत आवास ऋण की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। इसमें कहा गया,'' ग्राहक 31 मार्च 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख है। मोटर वाहन ऋण के संबंध में इसमें कहा गया कि नई तथा पुरानी दोनों कारों के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 1,240 रुपये प्रति लाख जितनी कम है। सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, पीएनबी 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की रियायत और 1,240 रुपये प्रति लाख की शुरुआती मासिक किस्त की पेशकश कर रहा है। इसमें कहा गया, ग्राहक 120 महीने तक की लंबी पुनर्भुगतान अवधि का लाभ उठा सकते हैं ।

# आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी, महत्वपूर्ण आंकड़े दे रहे हैं संकेत: आरबीआई बुलेटिन

एजेंसी

मुंबई। देश में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत हैं और इसके आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। वाहन बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत और जीएसटी ई-वे बिल जैसे आंकड़ें इस बात की पुष्टि कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया है। आरबीआई के फरवरी बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती और व्यापार नीति से डॉलर मजबूत हो रहा है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी की निकासी बढ़ सकती है और बाह्य मोर्चे पर स्थिति नाजुक हो सकती है। इसमें कहा गया है कि इन सबके बीच आर्थिक गतिविधियों की गति बरकरार रहने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से ग्रामीण मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित आयकर राहत के बीच मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ खर्च योग्य आय में वृद्धि को देखते हुए, शहरी मांग में भी सुधार की उम्मीद है। लेख में कहा गया, ॣझचालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के उच्च आवृत्ति संकेतक (वाहन की बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत आदि) आर्थिक गतिविधियों में छमाही आधार पर वृद्धि का संकेत दे रहे हैं और इसके आगे भी जारी रहने की संभावना है।

आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनामिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके आर्थिक गतिविधियों के 27 उच्च आवृत्ति संकेतकों से सामान्य रुख को निकालकर किया जाता है। इसमें यह भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रहे राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य के बीच विभिन्न देशों में अलग-अलग दृष्टिकोण के साथ स्थिर लेकिन मध्यम गति से बढ़ रही है। लेख में लिखा गया है कि महंगाई में कमी की धीमी गति और शुल्क दर के संभावित प्रभाव के कारण वित्तीय बाजार में चिंता की स्थिति है। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का दबाव और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट देखी जा रही है। इसके अनुसार, ''विकास के चार इंजन... कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात... को बढ़ावा देने को लेकर बजट में किये गये उपायों से भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।'' लेख में कहा गया, ''केंद्रीय बजट में राजकोषीय मजबूती और वृद्धि लक्ष्यों के बीच सूझबूझ के साथ संतुलन बनाया गया है। इसमें एक तरफ जहां पूंजीगत व्यय पर जोर है, वहीं दूसरी तरफ खपत को बढ़ावा देने के साथ कर्ज में कमी लाने को लेकर खाका भी है।'' इसके अलावा, सात फरवरी, 2025 को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में कटौती से भी घरेलू मांग को गति मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक ने साफ कहा है गया है कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर हुईं न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड

एजेंसी

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की गंभीर चोट के कारण शेष सत्र से बाहर हो गई हैं। इसका मतलब है कि वह श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड के दौरान बाएं घुटने में मेनिस्कस की चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उनकी रिकवरी में करीब 12 सप्ताह लगने की उम्मीद है। मुख्य कोच बेन सॉयर ने इस पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, ''यह मौली के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर रोज़ बाउल श्रृंखला में उनके प्रभावी प्रदर्शन के बाद। हालांकि, सकारात्मक बात यह है कि वह शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम तक फिट हो सकती हैं। पेनफोल्ड ने अब तक 14 वनडे में 9 और 10 टी20 मुकाबलों में 7 विकेट लिए हैं। पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेसिन रिज़र्व में उन्होंने 42 रन देकर 4 विकेट झटके थे, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। न्यूजीलैंड को श्रीलंका के खिलाफ अपने स्टार खिलाड़ी सोफी डिवाइन के बिना भी उतरना होगा। डिवाइन ने खेल से ब्रेक ले रखा है और उनकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उपलब्धता को लेकर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। न्यूजीलैंड अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगा, जिसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मुकाबलों में हिस्सा लेगा। श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु अपनी राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को जल्द छोड़ देंगी। हालांकि, न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया केर भारत में ही बनी रहेंगी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04301 | फाफामऊ जं. | 06:30 | हरिद्वार जं. | 23:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, चंदौसी जं., मुरादाबाद एवं नजीबाबाद जं. स्टेशन |
| 04604 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं.। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डी दीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आज़मगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |

### दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04662 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, सरहिंद, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04622 | अयोध्या धाम जं. | 10:00 | अमृतसर जं. | 06:45 | लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं जंडियाला स्टेशन |
| 08253 | बिलासपुर जं. | 08:15 | वाराणसी | 10:00 | राजपुर जं.,दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता। |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सरकार ने पूर्वोत्तर के लिए हर क्षेत्र में अनेक संभावनाएं खोलने का काम किया: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार ने पर्यटन से तकनीक, खेल से अंतरिक्ष, कृषि से उद्यमिता और बैंकिंग से बिज़नेस तक हर क्षेत्र में पूर्वोत्तर के लिए अनेक संभावनाएं खोलने का काम किया है।

श्री शाह गुरुवार को यहां असम राइफल्स द्वारा आयोजित 'एकता उत्सव एक आवाज एक राष्ट्र' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर असम राइफल्स के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के लिए एकता शब्द बेहद महत्वपूर्ण है। आज़ादी के कई वर्षों तक इस इतने बड़े भूभाग की दिल्ली से फिज़िकल और दिल की दूरी बहुत बड़ी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कनेक्टिविटी के माध्यम से पूर्वोत्तर और दिल्ली के बीच की फिज़िकल और दिलों की दूरी को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा ,ह्लआज नॉर्थ ईस्ट पूरे भारत का और पूरा भारत नॉर्थ ईस्ट का है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लिए सैकड़ों बजटीय प्रावधान बढ़ाए हैं और पूर्वोत्तर को 3-4 गुना ज्यादा बजट दिया है। उन्होंने कहा कि 2027 तक नॉर्थ ईस्ट के आठों राज्य रेल और हवाई कनेक्टिविटी के माध्यम से दिल्ली के साथ जुड़ जाएंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्य देश को हर तरह से समृद्ध करने में सक्षम हैं। आर्थिक, सांस्कृतिक, सुरक्षा, खेल और अनुसंधान तथा विकास के क्षेत्र में पूर्वोत्तर के युवाओं के लिए अपार अवसर हैं। उन्होंने कहा,मोदी सरकार ने पर्यटन से तकनीक, खेल से स्पेस, कृषि से उद्यमिता और बैंकिंग से बिज़नेस तक हर क्षेत्र में नॉर्थ ईस्ट के लिए अनेक संभावनाएं खोलने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 220 से अधिक जातीय समूह और 160 से अधिक जनजातियां रहती हैं। यहां 200 से अधिक बोलिया और भाषाएं बोली जाती हैं, 50 से अधिक अनोखे उत्सव मनाए जाते हैं और 30 से अधिक पारंपरिक नृत्य और 100 से अधिक व्यंजन इस क्षेत्र में आज भी अस्तित्व में हैं। उन्होंने कहा कि ये सब पूरे भारत के लिए बहुत बड़ी समृद्ध विरासत का खज़ाना है और पूरा देश इस विरासत पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के बिना भारत और भारत के बिना पूर्वोत्तर अधूरा है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस पूर्वोत्तर एकता उत्सव की थीम एक आवाज़, एक राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि हमारा देश अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, व्यंजनों और वेशभूषाओं का अद्भुत मिश्रण है और यही अनेकता में एकता हमारे देश की विशेषता और सबसे बड़ी ताकत है। यूनिटी उत्सव के इस पांच दिवसीय भव्य समारोह ने पूर्वोत्तर की एकता व सांस्कृतिक समृद्धि को दिल्ली में प्रस्थापित करने का कार्य किया है। श्री शाह ने कहा कि असम राइफल्स भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है और असम राइफल्स की पहचान नॉर्थ ईस्ट के सच्चे मित्र के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स ने पूर्वोत्तर को अनेक संकटों से उबारने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज इस आयोजन के माध्यम से असम राइफल्स, पूर्वोत्तर की एकता और सांस्कृतिक ताकत को पूरे देश और दुनिया के सामने रखने में सफल हुआ है।

श्री शाह ने कहा कि इस आयोजन में खेल स्पर्धाओं में 212 टीमों और 1500 छात्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 150 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि आज जीते गए अधिकतर इनाम मणिपुर के हिस्से में आए हैं, जो मणिपुर में खेलों के महत्व को दर्शाता है। नॉर्थईस्ट में खेलों की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री ने देश की सबसे पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में बनाने का निर्णय लिया।

# किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रामाणिक स्तंभ है भाषा : धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भाषा साहित्य से परे है क्योंकि यह समसामयिक परिदृश्य को परिभाषित करती है और यदि भाषा नहीं पनपेगी तो इतिहास भी नहीं पनपेगा।

श्री धनखड़ ने 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन की पूर्व संध्या पर यहां उप राष्ट्रपति निवास में एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि किसी क्षेत्र को जीतने का सबसे अच्छा तरीका यह नहीं है कि उस पर भौगोलिक रूप से कब्ज़ा करके उसकी संस्कृति पर कब्ज़ा कर लिया जाए और उसकी भाषा को नष्ट कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि करीब 1200-1300 साल पहले, जब सब कुछ उत्थान पर था और सब ठीक चल रहा था। दुनिया भारत की ओर देख रही थी। भारत ज्ञान का भंडार था। नालंदा और तक्षशिला जैसी संस्थाएं भारत में थी। कार्यक्रम में श्री धनखड़, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. सुदेश धनखड़, वरिष्ठ राज्यसभा सांसद शरद पवार, लोकसभा सांसद श्रीमती सुप्रिया सुले, अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन महामंडल की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर उषा तांबे? और सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. तारा भावकर आदि मौजूद रहे। श्री धनखड़ ने कहा, ह्लफिर आक्रमणकारी आए, वे हमारी भाषा, संस्कृति, और धार्मिक स्थानों के लिए बहुत दमनकारी एवं क्रूर थे। उस समय बर्बरता और प्रतिहिंसा चरम सीमा पर थी। आक्रमणकारियों ने हमारे दिल पर चोट करने के लिए, हमारे धार्मिक स्थान के ऊपर ही अपना स्थान बना दिया। आक्रान्ताओं ने हमारी भाषाओं को कुंठित कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि हमारी भाषा नहीं पनपेगी तो इतिहास भी नहीं पनपेगा। किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी सांस्कृतिक विरासत है और इन सबमें भाषा सबसे प्रामाणिक स्तंभ है। श्री धनखड़ ने कहा भाषा साहित्य से परे है क्योंकि वह साहित्य समसामयिक परिदृश्य, तत्कालीन परिदृश्य, तत्कालीन चुनौतियों को परिभाषित करता है और यह ज्ञान और बुद्धिमत्ता पर भी ध्यान देता है। मातृभाषा के महत्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भाषा पर भारी जोर दिया जा रहा है। तीन दशक के बाद एक बहुत अच्छा प्रयास किया गया। मातृभाषा को बच्चा-बच्ची सबसे पहले समझते हैं। उपराष्ट्रपति ने मराठा स्वराज्य और महाराज शिवाजी को याद करते हुए कहा कि यदि गौरव को परिभाषित किया जाए तो वह मराठा गौरव है।

# भारत 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने को तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। क्षेत्रीय विकास, प्रौद्योगिकी और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की बदौलत भारत आठ से 10 प्रतिशत की वार्षिक आर्थिक वृद्धि के बल पर वर्ष 2047 तक एक उच्च आय वाला देश बनने और उसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 23 लाख करोड़ से 35 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

नैसकॉम और बैन एंड कंपनी की रिपोर्ट 'इंडिया 2047 : ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया इनटू ए टेक-ड्रिवन इकोनॉमी' के अनुसार, यह परिवर्तन देश के जनसांख्यिकीय लाभांश, तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय विकास से प्रेरित होगा। वर्ष 2047 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत और विनिर्माण का 32 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो आर्थिक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अगले कुछ दशकों में लगभग 20 करोड़ लोगों के कार्यबल में शामिल होने की उम्मीद है, जिससे भारत के पास उच्च-मूल्य वाली नौकरियों का सृजन करने और अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर होगा। रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, रसायन, ऑटोमोटिव और सेवाओं को रणनीतिक रूप से विकसित होने वाले पांच प्रमुख क्षेत्र बताया गया है, जिनमें वैश्विक रुझानों और मापनीयता के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता है।

# 'लाल आंख की बजाय लाल सलाम' की चीन नीति अपना रही है सरकार : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर बढ़ रही चीनी गतिविधियों को लेकर चुप्पी साधे हैं और 'लाल आंख की बजाय लाल सलाम' की नीति अपनाई जा रही है। श्री खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए ट्वीट करके कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन को 'लाल आंख' दिखाने के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहें हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा,भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है लेकिन मोदी सरकार इसे ख़तरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया,''चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गाँव बसाने शुरू कर दिए हैं, पहले हमारी सीमा पर 628 ऐसे गाँव चीन बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है। मोदी सरकार सीमा पर 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का ख़ूब प्रचार करती है, संसद में आपने ख़ूब बढ़ा-चढ़ाकर इसका बखान किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले दो वर्षों में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' का 90 प्रतिशत फंड खर्च नहीं हुआ है। ये योजना फ़रवरी 2023 में लॉन्च की गई थी और 4800 करोड़ रुपए आवंटित फंड में से केवल 509 करोड़ रुपए ही ख़र्च हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में जहाँ 75 गांव सुधारने हैं, वहाँ केंद्र की मोदी सरकार ने ना के बराबर राशि दी है। उन्होंने कहा,''दिसंबर 2024 में, चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 'दुनिया का सबसे बड़ा बाँध' बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह, भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब के अनुसार, आपकी सरकार ने कहा कि 'मार्च 2021 में, चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में जल विद्युत परियोजना का उल्लेख है।

# भारत-बंगलादेश के सीमा बल गश्त बढ़ायेंगे, शांति के लिए मिलकर काम करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और बंगलादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बंगलादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढाने, सतर्कता बढाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरूवार को यह सहमति बनी। अगला सम्मेलन आगामी जुलाई में ढाका में होगा। बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मुद्दों पर चर्चा की और सभी स्तरों पर निरंतर, रचनात्मक और सकारात्मक बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों ही पक्ष, सम्मेलन के निर्णयों को सच्ची भावना से जमीनी स्तर पर लागू करने पर सहमत हुए। दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने तथा सौहार्द के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों बल के महानिदेशकों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि बांग्लादेशी अपराधियों और उपद्रवियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल सदस्यों पर हमले की घटनाओं पर, दोनों पक्ष विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में समन्वित गश्त बढ़ाने (देर रात से सुबह के समय) को राजी हुए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उल्लंघन के संबंध में सीमावर्ती आबादी को जागरूक करने का भी निर्णय लिया ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके ।

# पेज एक का शेष

## विकास के...

इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना के लिए लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। त्वरित आर्थिक विकास योजना में ही सरकार ने करीब 1700 करोड़ रुपये की भारी रकम रख कर

वृद्धावस्था पेंशन व किसान पेंशन बजट में 8105 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यही नहीं कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के कोष में 550 करोड़ रुपये इस बार दिए गए हैं।

पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पिछड़े वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाने हेतु 35 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। दिव्यांग भरण- पोषण अनुदान योजना के लिए 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। प्रदेश में अल्पसंख्यकों के लिए लगभग 2 हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं। प्रदेश में युवाओं को नवाचार से जोड़ने के लिए इनोवेशन फण्ड की स्थापना की गई है। प्रदेश में स्टार्टअप ईकोसिस्टम भी विकसित होगा। उन्होने कहा कि सुचारू नीति कार्यान्वयन, व्यापार को आसान बनाने, ईज ऑफ यूइंग बिजनेस तथा निवेश आकर्षित करने के लिये सत्त विकास के कार्य के प्रति समर्पण भाव से प्रदेश के समस्त अंचलों में संतुलित निवेश का समग्र प्रवाह एवं नागरिकों के जीवन उन्नयन के लिये दीर्घकालिक मूल्यों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। श्री खन्ना ने कहा कि सरकार राज्य को एक मुख्य निवेश केन्द्र तथा देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने के अपने मिशन को कार्यान्वित करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017-2018 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदहाल थी तथा जीएसडीपी मात्र 12.89 लाख करोड रुपये के स्तर पर था। उनकी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दो गुना कर दिया है। वर्ष 2024-2025 में प्रदेश की जी.एस.डी.पी. 27.51 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। हम देश में विकास दर में वृद्धि करने वाले राज्यों में अब अग्रणी स्थान पर खड़े हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023-2024 में भारत देश की जी.डी.पी. की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत थी जबकि हमारे प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। वित्तीय वर्ष 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी। मात्र तीन वर्ष की अवधि में प्रति व्यक्ति आय 2019-2020 में बढ़कर 65,660 रुपये के स्तर पर पहुँच गयी। इसके उपरान्त कोविड महामारी की विभीषिका के कारण पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को झटका लगा। इसके बाद मात्र तीन वर्ष में 14.9 प्रतिशत अप्रत्याशित वार्षिक वृद्धि दर प्राप्त करते हुये हम प्रति व्यक्ति आय को वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये के स्तर पर ले आये हैं। इस अवधि में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सभी राज्यों का विकास व्यय क्रमशः 10.9, 11.9 एवं 12 प्रतिशत रहा, जबकि उत्तर प्रदेश में यह औसत क्रमशः 13.8, 16 एवं 16.7 प्रतिशत रहा। उन्होने कहा कि समस्त राज्यों द्वारा कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर किये गये व्यय के औसत की तुलना में, वित्तीय वर्ष 2018-2019 तथा 2021-2022 के अलावा वर्ष 2017-2018 से 2024-2025 तक उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया व्यय लगातार अधिक रहा। वर्ष 2017-2018 में सभी राज्यों के औसत अनुपात 5.0 प्रतिशत के सापेक्ष उत्तर प्रदेश का अनुपात 5.3 तथा 2024-2025 में 5.6 प्रतिशत के सापेक्ष 5.9 प्रतिशत रहा है। श्री खन्ना ने कहा कि प्रदेश की ऋणग्रस्तता जो वर्ष 2016-2017 की समाप्ति पर जीएसडीपी का 36.7 प्रतिशत थी घट कर वर्ष 2022-2023 के वास्तविक आँकड़ों में 30.4 प्रतिशत हो गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा न केवल अपने आंतरिक संसाधनों की अभिवृद्धि पर जोर दिया गया है, अपितु विकास व्यय एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय बढ़ाया गया है और ऋणग्रस्तता में कमी लायी गई है। यह सरकार के कुशल वित्तीय प्रबन्धन का परिचायक है।

श्री खन्ना ने कहा कि नीति आयोग ने वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2022-2023 तक की अवधि के लिये राज्यों की राजकोषीय स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उत्तर प्रदेश को अग्रणी (फंट रनर) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। समेकित 'फिस्कल हेल्थ इन्डेक्स' जो वर्ष 2014 से 2019 की अवधि में 37.0 था, 2022-2023 में बढ़कर 45.9 हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2018 से 2023 की अवधि में पूँजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। सामाजिक क्षेत्र में पूँजीगत व्यय में 27 प्रतिशत तथा राजस्व व्यय में 9 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई। इसी प्रकार, आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत भी पूँजीगत व्यय में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित हुई। वित्तीय वर्ष 2018-2019 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर व्यथ कुल व्यय का 4.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2022-2023 में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गया, जो देश के प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक था। उन्होने कहा कि प्रदेश का राजकोषीय घाटा निर्धारित सीमा के अधीन रहा है। राजस्व बचत तथा प्राथमिक बचत के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में ऋणग्रस्तता में कमी दर्ज की गयी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राज्यों के बजट के संबंध में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश के सभी राज्यों की स्वयं के कर की प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश का अंश वर्ष 2022-2023, 2023-2024 एवं 2024-2025 में क्रमशः 9.9 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत एवं 11.6 प्रतिशत रहा जो महाराष्ट्र के उपरान्त देश में सर्वाधिक है। इस दौरान सभी राज्यों में राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष ब्याज पर व्यय क्रमशः 12.6, 12.3 एवं 12.1 प्रतिशत रहा जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत 10.3, 9.4 एवं 8.9 रहा। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सभी राज्यों की स्वयं के कर से प्राप्ति का औसत उक्त वर्षों में क्रमशः 6.5, 7.0 तथा 7.2 प्रतिशत रहा, जब कि उत्तर प्रदेश में यह अनुपात क्रमशः 7.6, 9.8 तथा 10 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षण, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा प्रदेश भारत में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास किया गया है। कई निवेशोन्मुख नीतियां घोषित की गई है तथा कारोबारी माहौल में अभूतपूर्व सुधार किया गया है, जिससे प्रदेश की छवि आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य से परिवर्तित होकर एक प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित हुई है। विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## 50 हजार...

लिए 15 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

प्रदेश में अब विशेषज्ञ चिकित्सकों और असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों की भर्ती फटाफट हो सकेगी। इन भर्तियों में होने वाली देरी की समस्या को दूर करने के लिए यूपी में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षा बोर्ड का गठन किया जाएगा। बजट में इसके लिए 3 करोड़ 34 लाख 20 हजार रुपये का प्रस्ताव किया गया है। इस बोर्ड का गठन होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों और असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों की भर्ती लोक सेवा आयोग की जगह इसी के जरिए होगी। इससे स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी जल्द दूर हो सकेगी। इसके अलावा स्टेट एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल का गठन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। डॉक्टरों को छोड़कर अन्य स्वास्थ्यकर्मी इससे लाभांवित होंगे। उनके पंजीकरण से लेकर सेवा-शर्तों तक की चिंता यह काउंसिल करेगी।

वित्त मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-2026 में यूजी, पीजी हेतु कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इस हेतु लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी की कुल सीटों की संख्या 120 थीं। शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में सीटों की संख्या को बढ़ाकर 250 किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 5.13 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने में पूरे देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए 2000 करोड़ रुपये बजट में रखे गए हैं।

आयुष विभाग के लिए 2700 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-2026 में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है, अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है, वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराया जाना लक्षित है। इसके अलावा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नये मुख्यालय निर्माण के लिए भी 100 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

## जौनपुर में सड़क...

में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जबकि जिला अस्पताल में बस में सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है उसका नाम पता ज्ञात है। इस तरह इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है। बस में 26 लोगों को गंभीर चोटे आई हैं, जिनको सीएससी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है। घायलों में राधादेवी,गीतांजलि,तारा,कमलेश,मनसा, हरिश्चंद्र , मीना देवी, बबली,सुभाष ,दिनेश ,रंजीत ,दिनेश कुमार चौबे,कविता , हरिश्चंद्र , भगवान सिंह, मायावती, प्रेमचंद, किशोरी लाल, लक्ष्मी ,सुरेश,सुशीला देवी, सरस्वती देवी, आशीष, शकुंतला , सुशीला, रामवती और गीता शामिल हैं। सभी दिल्ली के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिये।

## गरीब, किसान...

उत्पाद का 2.97 प्रतिशत है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एफआरबीएम एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है। नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर (अग्रणी) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित फिस्कल हेल्थ इण्डेक्स में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है, वर्ष 2018 से 13 की अवधि में पूँजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। विगत 08 वर्षों में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। प्रदेश में रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ीं हैं, नये रोजगार सृजित हुए हैं। लगातार प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में प्रदेश को लगभग 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरे जा चुके हैं और 60 लाख नौकरियों के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होने कहा कि बजट में व्यय की नई मदों के लिये 28 हजार 478 करोड़ 34 लाख रुपये का प्रावधान है जिसमें अवस्थापना विकास के लिये एक लाख 79 हजार 131 करोड़ चार लाख रुपये प्रस्तावित है। इसमें ऊर्जा क्षेत्र के लिये 61,070 करोड़ रुपये से अधिक, सिंचाई के लिये 21,340 करोड़ रुपये से अधिक, भारी एवं मध्यम उद्योग के लिये लगभग 24 हजार करोड़ रुपये, नगर विकास के लिये 25,308 करोड़ रुपये से अधिक, आवास एवं शहरी नियोजन के लिये 7,403 करोड़ रुपये से अधिक तथा नागरिक उड्डयन के लिये 3,152 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।योगी ने कहा कि समाज कल्याण, जिसमें सामान्य वर्ग,अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल कल्याण के लिये 35,863 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था है। निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह के लिये कुल 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। सामाजिक पेंशन के लिये कुल 13,648 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। उन्होने कहा कि बजट में चार नये एक्सप्रेस-वेज के निर्माण का प्राविधान है।

## लोकपाल के आदेश...

नामित न्यायाधीश ने राज्य में संबंधित अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और उसी उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को (जिन्हें एक निजी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे से निपटना था) उस कंपनी के पक्ष में प्रभावित किया था। यह आरोप लगाया गया था कि निजी कंपनी पहले नामित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की मुवक्किल थी, जबकि वह अधिवक्ता के रूप में वकालत कर रहे थे। लोकपाल ने 27 जनवरी को अपने आदेश में कहा, ''हम यह स्पष्ट करते हैं कि इस आदेश के द्वारा हमने एक विलक्षण मुद्दे पर अंतिम रूप से निर्णय लिया है कि क्या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 2013 के अधिनियम की धारा 14 के दायरे में आते हैं। न अधिक और न ही कम। इसमें हमने आरोपों की योग्यता पर बिल्कुल भी गौर नहीं किया है। इसके बाद लोकपाल ने एक उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर शिकायतों पर विचार करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन भी मांगा था। इसके बाद इसने के. वीरस्वामी के मामले (1991) में संविधान पीठ के कथन पर भरोसा किया था, जिसमें कहा गया था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कोई आपराधिक मामला तब तक दर्ज नहीं किया जा सकता जब तक कि मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श न किया जाए। हालांकि इससे पहले तीन जनवरी, 2025 को न्यायालय ने कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और भारत के मुख्य न्यायाधीश उसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आते हैं, क्योंकि वे लोक सेवकों की परिभाषा के दायरे में नहीं आते हैं और शीर्ष अदालत की स्थापना संविधान द्वारा की गई है, न कि संसद के अधिनियम द्वारा।

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा...

अन्य छह विधायकों को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से अनुमति दी गयी थी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर श्रीमती गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए लिखा, दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, प्रदेश संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक तथा मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वे पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार पार्टी द्वारा चुनाव के दौरान दिल्ली की जनता से किये गये वादों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा, ह्लहमारी सरकार भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं करेगी और जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किये हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ह्व श्रीमती गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं और इस समय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद दूसरी महिला है, जो किसी प्रदेश का नेतृत्व कर रही हैं।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063

दिव्य-भव्य-डिजिटल
एकता का महाकुम्भ

# संगम में पुण्य
# सुविधाओं का महाकुम्भ



## स्वस्थ महाकुम्भ

• सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार • मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात • 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात • प्रमुख मार्गों पर स्थित सीएचसी/पीएचसी का अपग्रेडेशन

## स्वच्छ महाकुम्भ

• 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती • स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती • 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां • जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक

## सुरक्षित महाकुम्भ

• 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती • 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन • 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम • 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट

• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट • 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट • 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट • 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना • 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप • 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट • 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास • 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल

## सनातन गर्व, महाकुम्भ पर्व

• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट • मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम • संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे • सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था • प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा

आकस्मिक सेवाएं | मेला प्रशासन | आवास एवं आहार | यूपी की उपलब्धियां

कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें

कुम्भ सहायक
व्हाट्सऐप नं. 8887847135
पर 'नमस्ते' भेजें



**महाकुम्भ हेल्पलाइन**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1920 महाकुम्भ मेला हेल्पलाइन | 112 इमरजेंसी सर्विस | 1010 खाद्य एवं रसद हेल्पलाइन | 102, 108 एम्बुलेंस सेवा | 18004199139 रेलवे हेल्पलाइन |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP | mahakumbh_25/ | upmahakumbh | MahaKumbh_2025 | https://kumbh.gov.in/